
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



प्रभु ईसा मसीह का संदेश ........



फॉलो करें ये मकअप स्टेप्स.....

वर्ष : 12 अंक : 02 लखनऊ, 24 दिसम्बर, बुधवार 2025 पृष्ठ : 08 मूल्य : 2.00 रुपए

**मौसम**

अधिकतम तापमान 42.c

न्यूनतम तापमान 29.c

**बाजार**

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

संसेक्स 82,530.74

निफ्टी 25,062.10

**खबर संक्षेप**

## एनआईए ने डॉ. फई की संपति जब्त का दिया आदेश

**बड़गाम।** जम्मू-कश्मीर के बड़गाम जिले की स्पेशल एनआईए कोर्ट ने मंगलवार को अमेरिकी



निवासी कश्मीरी लॉबिस्ट गुलाम नबी शाह उर्फ डॉ. फई की 1.5 कनाल से जमीन अटैच करने का बड़ा आदेश जारी किया है। यह फैसला 2020 में दर्ज आतंकवाद से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान लिया गया, जिसमें डॉ. फई की भूमिका संदिग्ध पाई गई थी। उन्हें पहले ही भगोड़ा घोषित किया जा चुका है। कोर्ट के जज याहया फिरदौस ने मोहम्मद इकबाल राठेर की ओर से दाखिल आवेदन पर यह आदेश सुनाया।

## यूएस नौसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त, 5 की मौत


**गैलवेस्टन।** अमेरिका के मेक्सिको की नौसेना का एक छोटा विमान सोमवार को गैलवेस्टन के समीप



दुर्घटनाग्रस्त हो गया जिसमें कम से कम पांच लोगों की मौत हो गयी और टेक्सास तट पर अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। इस विमान में एक मरीज और सात अन्य लोग सवार थे। नौसेना ने कहा कि विमान में सवार 8 लोगों में से चार नौसेना के अधिकारी थे और चार आम नागरिक थे, जिनमें एक बच्चा भी शामिल था। यह दुर्घटना सोमवार दोपहर को गैलवेस्टन के पास हुई जो ह्यूस्टन से लगभग 80.5 किलो दक्षिण-पूर्व में टेक्सास तट पर स्थित है।

### जयशंकर की श्रीलंका के राष्ट्रपति से मुलाकात

# 'सागर बंधु' के तहत 450 मिलियन डॉलर का पैकेज



श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात करते जयशंकर

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने मंगलवार को कोलंबो में अनुरा कुमारा दिसानायके से मुलाकात की और चक्रवात दितवाह के बाद भारत की ओर से एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं भी श्रीलंकाई राष्ट्रपति तक पहुंचाईं। विदेश मंत्री जयशंकर ने श्रीलंका के लिए 450 मिलियन डॉलर (45 करोड़ डॉलर) के पुनर्निर्माण पैकेज की घोषणा भी की। इस पैकेज के तहत सड़कों, रेलवे और पुलों की मरम्मत और बहाली, और आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त घरों का निर्माण, स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों को सहायता, कृषि क्षेत्र में सहयोग और आपदा प्रबंधन व तैयारी को मजबूत करने जैसे कार्य शामिल होंगे।

### *भारत की एकजुटता का दिया संदेश*

*जयशंकर ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि कोलंबो में राष्ट्रपति अनुर कुमार दिसानायके से मिलकर प्रसन्नता हुई। चक्रवात दितवाह के बाद पीएम नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं और भारत की एकजुटता का संदेश दिया। 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता की भूमिका निभाते हुए भारत श्रीलंका के साथ मजबूती से खड़ा है और यह सहयोग पड़ोसी पहले नीति, सभ्यतागत संबंधों और विजन महासागर पर आधारित है। भारत ने 28 नवंबर को चक्रवात के तुरंत बाद ऑपरेशन सागर बंधु शुरू किया था, जिसके तहत श्रीलंका को मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रदान की जा रही है।*

### श्रीलंकाई पीएम अमरसूर्या से की मुलाकात



विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कोलंबो में श्रीलंका की पीएम डॉ. हरिनी अमरसूर्या से मुलाकात की और चक्रवात दितवाह के बाद श्रीलंका के पुनर्निर्माण में भारत की अटूट प्रतिबद्धता का भरोसा दिलाया। वहीं, श्रीलंका के विदेश मंत्री विजिता हेरथ ने भारत द्वारा शुरू किए गए 'ऑपरेशन सागर बंधु' के तहत दी जा रही सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया।

### पीएम मोदी ने न्यूजीलैंड के साथ हुए समझौते को बताया ऐतिहासिक

# देश का पहला एफटीए जिसमें भारत की ओर से बातचीत में शामिल सभी सदस्य महिलाएं

**राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत-न्यूजीलैंड फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) एक ऐतिहासिक समझौता है और यह देश का पहला महिलाओं के नेतृत्व वाला एफटीए है। इस एफटीए के लिए न्यूजीलैंड से बातचीत हेतु बनाई गई पूरी टीम की सभी सदस्य महिलाएं ही थीं।

पीएम मोदी ने केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल द्वारा लिखित एक आर्टिकल सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया, जिसमें बताया गया है कि भारत के मुक्त व्यापार समझौते आज केवल शुल्क कटौती से कहीं अधिक हैं और यह अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और लाखों लोगों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने के व्यापक मिशन का हिस्सा हैं।

- एफटीए अर्थव्यवस्था को मजबूत करने का मिशन

पीएम ने कहा कि उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौता एक ऐतिहासिक उपलब्धि है क्योंकि यह भारत का पहला महिला नेतृत्व वाला मुक्त व्यापार समझौता है। वार्ता टीम में लगभग सभी महिलाएं शामिल थीं।

न्यूजीलैंड के साथ हुए इस एफटीए के तहत भारतीय एक्सपोर्ट पर 100 प्रतिशत ड्यूटी खत्म हो जाएगी, साथ ही लंबे समय तक आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए 15 सालों में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता भी है

भारतीय वस्तुओं को बेहतर बाजार मिलेगा अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों को फायदा होगा



पीएम मोदी और न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लक्सन

### *आर्थिक सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे*

*पीएम मोदी ने कहा कि यह मुक्त व्यापार समझौता भारत की व्यापार कूटनीति में एक महत्वपूर्ण मोड़ है, जो व्यापक आर्थिक सहयोग के नए रास्ते खोलता है। भारतीय वस्तुओं के लिए बेहतर बाजार पहुंच सुनिश्चित करके, सेवाओं और परिवहन में अवसरों का विस्तार करके और कृषि, निवेश एवं उभरते क्षेत्रों में सहयोग को गहरा करके, यह समझौता अर्थव्यवस्था के सभी क्षेत्रों में ठोस और व्यापक लाभ प्रदान करता है।*

### भारतीय निर्यात पर 100 प्रतिशत ड्यूटी खत्म

*न्यूजीलैंड के साथ हुए इस एफटीए के तहत भारतीय एक्सपोर्ट पर 100 प्रतिशत ड्यूटी खत्म हो जाएगी, साथ ही लंबे समय तक आर्थिक और रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने के लिए 15 सालों में 20 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता भी है। न्यूजीलैंड का मार्केट एक्सेस ऑफर 'एंट्री इनटू फोर्स' (ईआईएफ) से न्यूजीलैंड की 100 प्रतिशत टैरिफ लाइनों (8,284 टैरिफ लाइनें) पर तुरंत ड्यूटी खत्म (जीरो ड्यूटी) हो जाएगी।*

**विश्व में भारत की स्थिति मजबूत होगी**

*सरकार के अनुसार किसानों और एमएसएमई से लेकर छात्रों और कुशल प्रोफेशनल्स तक, इस समझौते से बड़े पैमाने पर फायदा होने की उम्मीद है, जिससे एक भरोसेमंद, दूरदर्शी वैश्विक भागीदार के रूप में भारत की स्थिति मजबूत होगी और विश्व स्तर पर एकीकृत विकसित भारत 2047 के विजन को आगे बढ़ाया जाएगा।*

**न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री पीटर्स का ऐलान**

### भारत के साथ एफटीए बुरा सौदा संसद में करेंगे विरोध

न्यूजीलैंड के विदेश मंत्री विंस्टन पीटर्स ने भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते की कड़ी आलोचना करते हुए इसे न तो स्वतंत्र और न ही



निष्पक्ष बताया है। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी न्यूजीलैंड फर्स्ट इसका विरोध करती है क्योंकि भारत ने न्यूजीलैंड के प्रमुख डेयरी निर्यात पर लगे महत्वपूर्ण टैरिफ को कम करने पर सहमति नहीं जताई है। उन्होंने कहा कि दुर्भाग्यवश, यह न्यूजीलैंड के लिए एक बुरा सौदा है जिसमें दूध, पनीर और मक्खन जैसे प्रमुख डेयरी उत्पादों को शामिल नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि संसद में बहुमत प्राप्त होगा या नहीं, इस अनिश्चितता के बावजूद समझौते पर हस्ताक्षर न करें।

## 'प्रचंड' हेलिकॉप्टर बनेंगे दुश्मन के काल



**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना अपने हेलिकॉप्टर बेड़े को आधुनिक बना रही है। इस बड़े बदलाव के तहत, वायुसेना अपने पुराने सोवियत-निर्मित एमआई-35 अटैक हेलिकॉप्टरों को रिटायर करने की तैयारी कर रही है। इनकी जगह अब हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा बने 'प्रचंड' हेलिकॉप्टर लेंगे। 'प्रचंड' एक मल्टी-रोल कॉम्बैट हेलिकॉप्टर है जिसे भारत की खास भौगोलिक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर बनाया गया है। यह दुनिया का एकमात्र अटैक हेलिकॉप्टर है जो 5,000 मीटर (लगभग 16,400 फीट) की ऊंचाई पर उतर और उड़ान भर सकता है।

### एयर मार्शल दीक्षित बोले

# रक्षा तैयारियों व विकसित भारत के लिए क्रिटिकल मिनरल्स महत्वपूर्ण

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

रक्षा तैयारियों और 'विकसित भारत 2047' के लिए क्रिटिकल मिनरल्स महत्वपूर्ण हैं। क्रिटिकल मिनरल्स अब राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा क्षमता निर्माण के प्रमुख रणनीतिक सक्षमकर्ता बन चुके हैं।



यह महत्वपूर्ण तथ्य चीफ ऑफ इंटिग्रेटेड डिफेंस, एयर मार्शल आशुतोष दीक्षित ने सामने रखे हैं। उन्होंने बताया कि आधुनिक सैन्य प्रणालियां जैसे कि जेट इंजन, मिसाइलें, प्रिसिशन म्यूनिशन, रडार, नेविगेशन और संचार उपग्रह, बैटरी व सेमीकंडक्टर आदि की उन्नत तकनीकों का आधार खनिज आपूर्ति पर निर्भर है।

एयर मार्शल दीक्षित ने बताया कि क्रिटिकल मिनरल्स की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला अत्याधिक केंद्रित है।

उन्होंने कहा कि कई देश अब इनकी निर्यात नीतियों का उपयोग भू-राजनीतिक दबाव के तौर पर कर रहे हैं। इस परिस्थिति में भारत की आयात निर्भरता रक्षा तैयारी के लिए रणनीतिक जोखिम बन सकती है।

### क्रिसमस से पहले ट्रंप का अवैध प्रवासियों को ऑफर

# 2.7 लाख लो और अमेरिका छोड़ो स्वदेश जाने के लिए फ्री फ्लाइट भी

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

अमेरिका में रहने वाले अवैध प्रवासियों को ट्रंप ने जबरदस्त क्रिसमस ऑफ दिया है। उन्होंने अमेरिका छोड़कर जाने के लिए तीन गुना बड़ी रकम की पेशकश की है। ट्रंप का कहना है कि धनराशि के साथ-साथ अमेरिकी सरकार उनके लौटने का खर्च उठाएगी। अमेरिका के होमलैंड सुरक्षा विभाग ने अवैध प्रवासियों को 3000 डॉलर (लगभग 2 लाख 70 हजार रुपए) देने की घोषणा की है। अगर वो इस साल के अंत तक अमेरिका से बाहर जाने के लिए राजी हो जाते हैं, तो वो इस राशि



के हकदार होंगे। जो भी अवैध प्रवासी इस साल के अंत तक डिपोर्टेशन के लिए कस्टम एंड बॉर्डर पुलिस के पास आवेदन करेंगे, उन्हें 3000 डॉलर समेत स्वदेश जाने के लिए फ्री फ्लाइट मुहैया करवाई जाएगी। इसके अलावा उन पर लगे सभी तरह के जुर्माने भी रद्द कर दिए जाएंगे। अगर उन्होंने ऐसा नहीं किया, तो उन्हें गिरफ्तार करके डिपोर्ट किया जाएगा।

## फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी ने बांग्लादेश के हालात पर जताई चिंता

चेतावनी दी पुराने दोस्तों को नजरअंदाज करने की न करे गलती

# रूस की नसीहत: भारत से बैर मतलब पूरे क्षेत्र के लिए खतरा

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

अभी तक पश्चिमी देशों की आलोचना झेल रही बांग्लादेश सरकार को अब रूस की तरफ से भी स्पष्ट संदेश मिला है। ढाका में रूसी राजदूत अलेक्जेंडर ग्रिगोरियेविच खोजिन ने जो कहा, वह एक तरह से बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार यूनुस सरकार के लिए चेतावनी है।

उन्होंने कहा कि तनाव कम करना दोनों देशों और पूरे दक्षिण एशिया के लिए अहम है। भारत विरोधी भावनाओं को हवा दे रही यूनुस सरकार को रूसी राजदूत ने याद दिलाया कि 1971 में



फ्रांसीसी राजदूत शार्लेट और जर्मन दूतावास की प्रभारी केर्स्टन ने ढाका का दौरा किया

बांग्लादेश की आजादी में भारत की बड़ी भूमिका रही थी और उस समय रूस ने भी समर्थन दिया था। रूसी राजदूत का यह बयान कूटनीतिक भाषा में एक बड़ा इशारा है कि बांग्लादेश अपने उन पुराने दोस्तों भारत और रूस को नजरअंदाज करने की गलती न करे, जिन्होंने उसके अस्तित्व में भूमिका निभाई थी।

### *फ्रांस-जर्मनी ने जताई प्रेस की आजादी*

*फ्रांस और जर्मनी ने बांग्लादेश को लोकतांत्रिक मूल्यों की याद दिलाई है। सोमवार को फ्रांसीसी राजदूत जीन-मार्क सेरे-शार्लेट और जर्मन दूतावास की प्रभारी अंजा केर्स्टन ने ढाका में उस जगह का दौरा किया, जो हाल ही में भीड़ के न्याय का गवाह बनी थी। राजनयिकों ने जली हुई इमारत, टूटे शीशे और उस पहली मंजिल का मुआयना किया जहां आग लगाई गई थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि फ्रांस और जर्मनी प्रेस की आजादी के साथ खड़े हैं।*

### सरकार ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त को फिर किया तलब

मंगलवार को भारत ने बांग्लादेश के उच्चायुक्त रियाज हमीदुल्ला को एक बार फिर से तलब किया है। देर शाम विदेश मंत्रालय के बांग्लादेश-म्यांमार प्रभाग के प्रमुख संयुक्त सचिव बी. श्याम ने तलब किया। इससे पहले बांग्लादेश में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा को तलब किया गया था। इसके अलावा, मंगलवार देर शाम बांग्लादेश ने अपने अगरतला स्थित मिशन से वीजा सेवाएं अस्थायी तौर पर रद्द कर दीं।


### मौलाना रहमान ने ल्यारी से मुनीर को ललकारा

# पाकिस्तान का काबुल पर अटैक सही तो 'धुरंधर' हिंदुस्तान ने क्या गलत किया?

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पाकिस्तान में जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (जेयूआई-एफ) के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने पाकिस्तानी सरकार और सेना प्रमुख जनरल आसिम मुनीर से सवाल किया कि अगर अगर पाकिस्तान अफगानिस्तान में कार्रवाई को जायज ठहराता है, तो फिर भारत द्वारा पाकिस्तान के भीतर आतंकी ठिकानों पर हमले को गलत कैसे कह सकता है।

बॉलीवुड फिल्म धुरंधर से सुर्खियों में आए ल्यारी से रहमान ने कहा कि हमने अफगानिस्तान में



अपने दुश्मन पर हमला किया और उसे सही ठहराते हैं। फिर हिंदुस्तान आपसे कहता है कि उसने बहावलपुर और मुरीदके में आतंकी कैंप पर हमला कर पहलगाम हमले का बदला लिया तो फिर आप भारत की कार्रवाई पर एतराज क्यों कर रहे हैं? मौलाना फजलुर रहमान एक प्रमुख इस्लामी विद्वान और अनुभवी राजनेता हैं।

### झेलम और नीलम नदी का बहाव घटा

सिंधु जल पर पाकिस्तान के कमिश्नर सैयद मेहर अली शाह ने कहा कि झेलम नदी में मंगला बांध में पानी का बहाव कम हो रहा है। मंगला बांध पाकिस्तान के मीरपुर में है। यह बांध पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में पानी सप्लाई करने का सबसे बड़ा सोर्स भी है। झेलम और नीलम नदियों में पानी का बहाव घटकर 3,000 क्यूसेक हो गया है, जो 5,000 क्यूसेक से काफी कम है।

## कोर्ट के आदेश पर चोरी का मुकदमा दर्ज

लखनऊ। आशियाना क्षेत्र में रहने वाले एक बुजुर्ग ने घर से हुए चोरी मामले में शिकायत बावजूद पुलिस द्वारा मुकदमा न दर्ज करने पर बुजुर्ग ने कोर्ट से मदद का गुहार लगा याचिका दर्ज कराई थी कोर्ट के आदेश पर आशियाना पुलिस ने सोमवार को चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आशियाना के रुचि खंड द्वितीय में रहने वाले बुजुर्ग प्रेम प्रकाश उपाध्याय के अनुसार वह कानपुर मंडल आयुक्त कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी पद से रिटायर्ड है।बुजुर्ग के अनुसार जब वह जनपद रायबरेली में वित्त एवं राजस्व विभाग में कार्यरत थे तब उनके एक मातहत के कहने पर उनके एक रिश्तेदार डीह जनपद रायबरेली निवासी कुलदीप यादव पुत्र राम खेलावन यादव को आशियाना अपने घर पर घरेलू कार्य के लिए रखा था।वर्ष 2021 में कोरोना बीमारी से उनकी पत्नी का देहांत हो गया था जिसके पश्चात वह नौकरी में रहकर लखनऊ आते जाते रहे और कुलदीप ही घर की देखरेख करता था। इस बीच जून 2023 में कुलदीप ने उनके घर में रखा चार लाख रुपया नगद एवं उनकी मृतक पत्नी के गहने चोरी कर फरार हो गया और अपना मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ कर दिया।

# खेतों पर गोवंशो का हमला, आक्रोशित किसानों ने गोवंशो को आंगनबाड़ी में किया बंद

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद विकासखंड की माधवपुर ग्राम पंचायत के मजरा भुलभुला खेड़ा में आवारा पशुओं की समस्या अब सामान्य नहीं, बल्कि किसानों के लिए अस्तित्व का संकट बन चुकी है। गांव के चारों ओर खुले घूम रहे गोवंशो के झुंड दिन-रात खेतों में धावा बोल रहे हैं, जिससे किसानों की महीनों की मेहनत कुछ ही घंटों में तबाह हो जा रही है।


गोवंशो को आंगनबाड़ी में बंद कर प्रदर्शन करते किसान

### फसलें उजड़ीं, उम्मीदें टूटीं

ग्रामीणों के अनुसार, गेहूं, मटर और सरसों जैसी रबी फसलें इस समय अपने सबसे संवेदनशील दौर में हैं, लेकिन आवारा पशुओं के कारण खेतों में हरियाली की जगह बबार्दी का मंजर दिखाई दे रहा है। किसान दीपू यादव, आशीष यादव, अमर सिंह, रामनरेश, राम सिंह यादव, रजत यादव, धर्मपाल सिंह, निर्मल, अंकित कुमार और सुमित यादव का कहना है कि अब स्थिति ऐसी हो गई है कि लागत निकालना भी मुश्किल नजर आ रहा है।

### शिकायतें हुईं, समाधान नहीं

किसानों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर वे कई बार ग्राम पंचायत, ब्लॉक कार्यालय और संबंधित अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं। आश्वासन जरूर मिले, लेकिन जमीन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं दिखी। परिणामस्वरूप, हर दिन फसलें नष्ट होती रहीं और किसान खुद को असहाय महसूस करते रहे।

### मजबूरी में उठाया कठोर कदम

मंगलवार को हालात उस मोड़ पर पहुंच गए, जब आक्रोशित ग्रामीणों ने आवारा गोवंशो को पकड़कर गांव के आंगनबाड़ी केंद्र में अस्थायी रूप से बंद कर दिया। इसकी सूचना ग्राम प्रधान और ब्लॉक प्रशासन को दी गई, ताकि समस्या की गंभीरता को समझा जा सके।

### प्रशासन से स्थायी समाधान की मांग

ग्रामीणों की मांग है कि आवारा पशुओं के लिए ठोस और स्थायी व्यवस्था की जाए—चाहे वह गौशालाओं की क्षमता बढ़ाना हो या नियमित निगरानी तंत्र विकसित करना। किसानों का कहना है कि यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में हालात और भयावह हो सकते हैं।

भुलभुला खेड़ा की यह तस्वीर केवल एक गांव की कहानी नहीं, बल्कि ग्रामीण अंचलों में खेती पर मंडराते उस संकट की झलक है, जहां आवारा पशु और प्रशासनिक उदासीनता किसानों की कमर तोड़ रही है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस चेतावनी को कितनी गंभीरता से लेता है।इस संबंध में बीडीओ अनूप सिंह से वार्ता करने का प्रयास किया गया तो उनका फोन नहीं लगा।

# बांग्लादेश में हिंदू युवक की हत्या के विरोध में प्रदर्शन, फूंका पुतला

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचारों और ईश निंदा के नाम पर हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या के विरोध में मंगलवार शाम सांस्कृतिक गौरव संस्थान के कार्यकताओं ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकताओं ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुखिया मोहम्मद यूनुस का पुतला दहन कर आक्रोश जताया। प्रदर्शनकारी हिन्दू जागरण मंच कार्यालय, रहीमाबाद पर एकत्र हुए। वहां से नारेबाजी करते हुए जुलूस के रूप में बड़ा चौराहा पहुंचे, जहां पुतला फूंका गया। प्रदर्शन के दौरान 'हिंदुओं पर अत्याचार बंद करो', 'हिंदुओं की हत्या नहीं चलेगी' जैसे नारे लगाए गए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय को लगातार निशाना बनाया जा रहा है और वहां की सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। सांस्कृतिक गौरव संस्थान के पदाधिकारियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि वह इस मुद्दे पर अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कड़ा रुख अपनाए और बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाए, ताकि हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि यदि अत्याचार बंद नहीं हुए तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। इस अवसर पर सांस्कृतिक गौरव संस्थान जिलाध्यक्ष संतोष सिंह तिलन, प्रमोद सिंह, मनोज अर्कवंशी, दुर्गेश प्रताप सिंह, जय गोविंदा अवस्थी, के.एल. दुबे सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, जबकि मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा।


बांग्लादेश सरकार का पुतला जलाते संगठन के लोग

## चालकों व परिचालकों के लिए स्वास्थ्य शिविर आयोजित

लखनऊ। चारबाग बस स्टेशन पर उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम की ओर से चालकों एवं परिचालकों व ऑफिस स्टाप के लिए एक दिवसीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।इस शिविर में कुल 113 और अमौसी वर्कशॉप नादरगंज में 194 कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई।स्वास्थ्य शिविर का समापन नोडल अधिकारी रामराज यादव, अफट आशीष कुमार, वरिष्ट केन्द्र प्रभारी लायक खातून, रूपेश कुमार, अशोक कुमार, मो.रिजवान,तथा स्वस्थ विभाग के डॉक्टर व पैरा मेडिकल स्टाप सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों की मौजूदगी में किया गया।शिविर के दौरान चालकों की ब्लड प्रेशर, शुगर, आंखों की जांच, क्षय रोग, एड्स, हिपोटाइटिस बी.,सी., और हृदय संबंधी प्राथमिक जांच की गई।

# सहिजनपुर मार्ग आवागमन से हुआ जर्जर, फ्लाईओवर निर्माण भी कछुए की चाल से

अमन लेखनी समाचार/संवाददाता

लखनऊ। बंथरा क्षेत्र के हरौनी से डीआरडीओ मार्ग होते हुए सहिजनपुर रेलवे क्रॉसिंग से सहिजनपुर गांव तक बनी डामर सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क पर जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे पिछले लगभग दो वर्षों से वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इसके बावजूद न तो लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के जिम्मेदार अधिकारी कोई सुध ले रहे हैं और न ही कोई जनप्रतिनिधि सड़क मरम्मत को लेकर गंभीर नजर आ रहा है। कागजों में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इससे बिल्कुल विपरीत है।सड़क की बदहाल स्थिति स्थानीय लोगों के लिए रोजमर्रा की मुसीबत बन चुकी है।दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ-साथ स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी जोखिम भरे हालात में सफर करना पड़ रहा है। उधर, हरौनी रेलवे क्रॉसिंग पर निमार्णाधीन फ्लाईओवर का कार्य भी रेलवे विभाग के अड़ियल रवैए से कछुवे की चाल से फ्लाईओवर के लिए गर्डर खिसकाने का कार्य कई दिनों से चल रहा है। न तो रेलवे ब्लॉक मिल पा रहा है और न ही संबंधित अधिकारी आवश्यक सर्वे कार्य को गति दे रहे हैं। स्थिति यह है कि रेलवे फाटक अक्सर अनावश्यक रूप से लंबे समय तक बंद है जिससे सहिजनपुर मार्ग पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। केवल पैदल यात्री ही किसी तरह निकल पाते हैं, जबकि वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा प्रतीत होता है कि जनता की समस्याओं से संबंधित विभागों को कोई सरोकार नहीं है। स्थानीय लोगों में बढ़ती नाराजगी अब धीरे-धीरे उबाल पर पहुंच रही है, और यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की आशंका से भी इंकार नहीं किया जा सकता।

# सिंचाई के बिना सूख रही फसल नहर में पानी को लेकर किसानों में आक्रोश

अमन लेखनी समाचार

निगोहां। मोहनलालगंज विकास खंड के निगोहां क्षेत्र के कुशमौरा गांव में अमौसी रजबहा नहर में पानी न आने की समस्या को लेकर किसानों का आक्रोश मंगलवार को खुलकर सामने आया सैकड़ों की संख्या में किसान एकत्र होकर नहर विभाग के खिलाफ नाराजगी जताई और अपनी समस्याएं रखीं किसानों का कहना है कि बीते लगभग बीस वर्षों से अमौसी रजबहा नहर की सिर्फ औपचारिक साफ-सफाई कराकर छोड़ दिया जाता है लेकिन नहर में पानी कभी नहीं छोड़ा जाता रबी की फसल का समय चल रहा है और पानी के अभाव में गेहूं समेत अन्य फसलें सूखने लगी हजारों बीघा भूमि पर खड़ी फसलें बबार्दी की कगार पर पहुंच चुकी जिससे किसान बेहद चिंतित और मायूस नजर आए किसानों ने आरोप लगाया कि नहर विभाग के अधिकारियों की घोर लापरवाही का सीधा असर उनकी आजीविका पर पड़ रहा सरकार द्वारा किसानों के हित में कई बड़े फैसले लिए जा रहे लेकिन जमीनी स्तर पर सिंचाई की सुविधा न मिलने से किसानों को लाभ नहीं मिल पा रहा मौके पर मौजूद भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के ब्लॉक अध्यक्ष परवेश कुमार शर्मा ने नहर विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि विभाग की उदासीनता किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बन गई उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही अमौसी रजबहा नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो किसान धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे जिसकी पूरी जिम्मेदारी नहर विभाग की होगी।इस दौरान कुशमौरा गांव के समाजसेवी एवं बीडीसी सदस्य मनोज कुमार कश्यप अरविंद शर्मा सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों ने प्रशासन से शीघ्र नहर में पानी छोड़े जाने की मांग करते हुए कहा कि यदि समय रहते सिंचाई की व्यवस्था नहीं हुई तो रबी की फसल पूरी तरह बर्बाद हो जाएगी।



# नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से ठगे दो लाख से अधिक रुपये, आरोप

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र के बनी गांव में रहने वाली युवती प्रतीक्षा प्रजापति ने सत्यम दीक्षित नामक अज्ञात युवक के खिलाफ नौकरी दिलाने के नाम पर दो लाख से अधिक रुपये की ठगी और धमकी देने का आरोप लगाया है। उसने इसकी शिकायत एडीसीपी दक्षिणी से की। बंथरा के बनी निवासी प्रतिक्षा प्रजापति के मुताबिक उसे उषा भारती नामक महिला का फोन आया, जिसने स्वयं को इंडिया टुडे नेटवर्क/आजतक से जुड़ा बताया। इसके बाद कॉन्फ्रेंस कॉल पर सत्यम दीक्षित नामक व्यक्ति से बात कराई। जहाँ सत्यम ने मीडिया संस्थान में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोप है कि सत्यम दीक्षित ने बताया कि वर्तमान में 108 एंबुलेंस सेवा (जीवीके ईएमआरआई ग्रीन हेल्थ सर्विस) में कार्यरत होने के कारण एक्सिस बैंक खाते को सेविंग अकाउंट में कन्वर्ट करना होगा और इसके लिए एक लाख रुपये का ह्लकॉन्ट्रैक्टह्व जमा करना पड़ेगा। इसके बाद दो लाख रुपये पूरे करने पर यूएएन और पीएफ नंबर जारी होने की बात कही। साथ ही आरोपी ने दूसरा खाता खुलने, नया एटीएम ब्लू डार्ट से आने और एचडीएफसी बैंक से टाईअप होने की बात कही। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने पीड़िता से आधार कार्ड और पैन कार्ड भी मंगवाए। इसके बाद 1 अगस्त से 1 सितंबर 2025 के बीच अलग-अलग किस्तों में कुल 2,23,700 रुपये सत्यम दीक्षित ने बताए नंबरों पर ट्रांसफर करा लिए, लेकिन न तो नौकरी मिली और न ही कोई दस्तावेज। पैसे मांगने पर आरोपी गाली-गलौज करने लगा और जान से मारने तथा मीडिया में बदनाम करने की धमकी देने लगा। आरोप है कि वह अलग-अलग नामों से कॉल और मैसेज कर धमकाता रहा। बाद में परेशान पिता ने इसकी शिकायत एडीसीपी दक्षिणी से की। फिलहाल एडीसीपी के निर्देश पर बंथरा पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जाँच पड़ताल कर रही है।

# तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बबूल के पेड़ से टकराई, युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



सरोजनीनगर, लखनऊ। बंथरा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह तेज रफ्तार बाईक अनियंत्रित होकर बबूल के पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।पुलिस के मुताबिक बंथरा के गुलाब खेड़ा निवासी मजदूर महेश गौतम का बेटा राहुल गौतम (23) मजदूरी करता था। राहुल मंगलवार सुबह करीब 9 बजे घर से दही लेने बाइक से करीब 1 किलोमीटर दूर कासिमखेड़ा तिराहे पर जा रहा था। तभी बंथरा - बिजनौर रोड पर दुदइया खेड़ा स्थित ग्लोरी पब्लिक स्कूल के पास सामने से आ रहे एक अज्ञात वाहन से बचने के चक्कर में उसकी बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक बबूल के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि राहुल बुरी तरह घायल हो गया। राहगीरों से सूचना पाकर पहुंचे परिजनों ने एंबुलेंस से उसे सरोजनी नगर समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में उसके पिता महेश और मां गुड़िया के अलावा दो विवाहित बड़ी बहनें और एक विवाहित बड़ा भाई है।

# चौबीस घंटे में पंद्रह लाख की चोरी का शातिर चोर गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज ।मोहनलालगंज पुलिस ने सतर्कता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए बड़ी चोरी की घटना का मात्र 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया पुलिस ने एक शातिर चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की गई डीसीएम अन्य वाहनों की बैटरियां और स्टेपनी बरामद की बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई जा रही इस कार्रवाई से क्षेत्र में पुलिस की सक्रियता और कानून व्यवस्था को लेकर आमजन में भरोसा बढ़ा है।प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते सोमवार को संजय सिंह यादव निवासी शांति नगर थाना सरोजनी नगर लखनऊ ने थाना मोहनलालगंज में तहरीर देकर शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनकी फर्म विक्रम ट्रांसपोर्ट कम्पनी की कई गाड़ियां जैतीखेड़ा स्थित कार्यालय के बाहर खड़ी थीं देर रात करीब एक बजे अज्ञात चोरों ने डीसीएम वाहन संख्या वढ 32 ठ 8964 सहित अन्य वाहनों की बैटरियां और स्टेपनी चोरी कर लीं घटना की सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। चोरी की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने क्षेत्र में लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली तकनीकी साक्ष्यों और लगातार निगरानी के आधार पर पुलिस ने कुछ ही घंटों में आरोपियों की पहचान कर ली मंगलवार को पुलिस टीम ने गनियार से मोहनलालगंज की ओर जाने वाली सड़क पर घेराबंदी कर शैलेन्द्र कुमार निवासी प्यारेपुर थाना हरचन्दपुर, जनपद रायबरेली को गिरफ्तार कर लिया उसके कब्जे से चोरी की गई डीसीएम बैटरियां और स्टेपनी बरामद की गईं पूछताछ में अभियुक्त ने अहम खुलासा करते हुए बताया कि उसका साथी राज जो पूर्व में विक्रम ट्रांसपोर्ट कम्पनी में चालक रह चुका था उसने ही उसे गाड़ियों की लोकेशन और सुरक्षा व्यवस्था की पूरी जानकारी दी थी दोनों ने मिलकर सुनियोजित तरीके से चोरी की योजना बनाई और आधी रात के बाद वारदात को अंजाम दिया चोरी के बाद दोनों डीसीएम और सामान बेचने के इरादे से निकले थे लेकिन रास्ते में गाड़ी का डीजल खत्म हो गया इसी दौरान साथी डीजल लेने चला गया और मौके पर पहुंची पुलिस ने शैलेन्द्र कुमार को धर दबोचा पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया जबकि फरार आरोपी की तलाश में लगातार दबिश दी जा रही है। मोहनलालगंज थानाप्रभारी बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जल्द ही फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर पूरे गिरोह का पदार्फाश किया जाएगा स्थानीय लोगों ने इस त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस की सक्रियता से अपराधियों में भय और आम जनता में सुरक्षा का भरोसा मजबूत हुआ है।




# विद्यालय की खेल प्रतियोगिताओं में बच्चों ने दिखाया दमखम




अमन लेखनी समाचार

पीजीआई। तेलीबाग गांधीनगर के नेशनल पब्लिक इंटर कालेज के प्रशासन ने विद्यालय प्रांगण में बच्चों के उत्साह वर्धन के लिये खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपने हुनर का प्रदर्शन किया। मंगलवार को विद्यालय प्रशासन ने बच्चों के बीच खो-खो, कबड्डी, रस्साकशी जैसे अन्य खेलों का आयोजन किया।मानसिक विकास के साथ साथ बच्चों के शारीरिक के लिये आयोजित प्रतियोगिताओं में कक्षा छः के आचित्य चौरसिया व जोया खान कक्षा सात से वैष्णवी रावत एवं मन्नू कुमार वहीं कक्षा आठ के कुशाग्र द्विवेदी व खुशी रावत ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मैदान में मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया और प्रतियोगिताओं में अव्वल जगह हासिल की।विद्यालय के प्रबंधक अनुज प्रताप सिंह एवं प्राचार्या अर्चना सिंह ने बच्चों को पुरस्कार वितरित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# काशीश्वर इंटर कॉलेज में संस्थापक प्रबंधक की मनाई गई जयंती

**हजारों छात्र - छात्राओं और शिक्षकों के बीच याद किए गए कैलास नाथ मिश्र**

अमन लेखनी समाचार

मोहनलालगंज। मोहनलालगंज के काशीश्वर इंटर कालेज में कॉलेज के संस्थापक प्रबंधक की जन्मतिथि पर जयंती समारोह मनाया गया। जिसमें शिक्षकों ने संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा समाज हित में किए गए कार्यों की मंच के माध्यम से बच्चों को जानकारी दी । जिसमें विद्यालय के शिक्षक और हजारों की संख्या में छात्र - छात्राएं मौजूद रहे। मंगलवार को काशीश्वर इंटर कॉलेज में कॉलेज के संस्थापक प्रबंधक स्मृति शेष कैलास नाथ मिश्र की जयंती मनाई गई जिसकी शुरूवात संस्थापक पुत्र व कॉलेज के उपप्रबंधक अरविंद कुमार मिश्र (काका जी) द्वारा उनके चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। वहीं विद्यालय के शिक्षकों ने संस्थापक के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प वर्षा की। विद्यालय में उपस्थित हजारों छात्र - छात्राओं ने ₹कैलास नाथ मिश्र अमर रहे₹ के नारे लगाए। कॉलेज के प्रबंधक अजय कुमार मिश्र ने बताया कि संस्थापक प्रबंधक का जन्म 23 दिसंबर सन-1938 को मऊ, मोहनलालगंज, लखनऊ में हुआ था, वो लखनऊ जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन के साथ - साथ कई बार ग्राम पंचायत मऊ, मोहनलालगंज के प्रधान भी रहे, उनके द्वारा कड़ी मेहनत व ईमानदारी के बल पर काशीश्वर इंटर कॉलेज की नींव सन-1963 में रखी गई, जिसमें आज मोहनलालगंज क्षेत्र के हजारों बच्चे कक्षा छह से बारह तक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। प्रधानाचार्य सत्य प्रकाश त्रिपाठी ने संस्थापक प्रबंधक द्वारा किए गए समाज हित के अन्य कार्यों की जानकारी देते हुए बच्चों को अनुशासन का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक अरुण कुमार वर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के संरक्षक ज्ञानेंद्र प्रसाद शुक्ल, शिक्षक शिव गोविंद पांडे, राकेश कुमार, रवि आनंद मिश्र, मंजू शुक्ला, गरिमा यादव, अनूप पटेल सतीश यादव नेहा त्रिपाठी, मुकेश मिश्र, जागविनय सिंह सहित अन्य शिक्षक व हजारों की संख्या में छात्र -छात्राएं मौजूद रहे।

# युवती के साथ छेड़खानी, अश्लील हरकत और वीडियो बनाने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। बन्थरा थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ छेड़खानी, अश्लील हरकत और वीडियो बनाने का मामला सामने आया है।इस मामले में पीड़िता की बड़ी बहन ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। बंथरा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली पीड़िता की बड़ी बहन के मुताबिक उसकी 18 वर्षीय छोटी बहन को पड़ोस में रहने वाली जुमरा पत्नी जमाल ने बीती 14 दिसंबर को मसाला लाने के बहाने उसे अपने घर बुलाया। आरोप है कि उसी दौरान घर में मौजूद इजहारुल पुत्र शब्दर ने कमरे के अंदर तख्त पर उसके साथ अश्लील हरकत की और छेड़खानी करते हुए बदसलूकी की। पीड़िता ने विरोध किया तो उसके कपड़े उतारने का दबाव बनाया गया, हालांकि उसने कपड़े उतारने से इनकार कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि घटना के समय घर में मौजूद जुमरा, उसका पति जमाल, जाहुल पुत्र शब्दर, शीबू पुत्र भैया मौची और हसीब पुत्र हसिम नेन मोबाइल से वीडियो बनाया और उसे वायरल करने की धमकी दी। बाद में पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने परिजनों को दी। जानकारी मिलने पर पीड़िता की बहन ने बंथरा थाने में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ज्वेलर्स से एक करोड़ की चोरी: 400 सीसीटीवी खंगाल चुकी पुलिस, नहीं मिला सुराग

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। मलिहाबाद कस्बे के रवाब मार्केट स्थित फजल ज्वेलर्स की दुकान से हुई करीब एक करोड़ रुपये की सनसनीखेज चोरी का खुलासा अब तक नहीं हो सका है। शनिवार देर रात हुई इस बड़ी वारदात में चोर करीब 30 किलो चांदी और 150 ग्राम सोने के जेवरात लेकर फरार हो गए थे। घटना को कई दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों में गहरा आक्रोश और भय का माहौल है। पुलिस ने अब तक लखनऊ से रहीमाबाद के बीच लगे करीब 400 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिला। जांच के दौरान ज्वेलर्स के कर्मचारियों और आसपास के दुकानदारों से भी पूछताछ की गई, पर चोरी की कड़ी जोड़ने वाला कोई अहम सूत्र हाथ नहीं लगा। पुलिस का कहना है कि एक फुटेज में चोर दो बाइकों पर सवार होकर हरदोई रोड की ओर जाते दिखे थे, लेकिन कारोबारियों का मानना है कि इतनी बड़ी चोरी के बाद चोर घनी आबादी वाले रास्ते से भागेंगे, यह जरूरी नहीं। पुलिस ने हरदोई, सीतापुर, उन्नाव, बाराबंकी और रायबरेली में छापेमारी के लिए पांच टीमें गठित की हैं। हाल के दिनों में जेल से रिहा हुए लूट, चोरी और डकैती के आरोपियों से भी पूछताछ की जा रही है। उनके मोबाइल नेटवर्क, पुराने संपर्क और गतिविधियों की जांच की जा रही है, हालांकि अब तक जांच किसी निर्णायक मोड़ पर नहीं पहुंची है। इधर, आक्रोशित व्यापारियों का कहना है कि पुलिस चौकी से महज 50 मीटर दूर स्थित दुकान से इतनी बड़ी चोरी होना रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा सवाल है। व्यापारियों का आरोप है कि सूरज ढलते ही बाजारों में शटर गिरने लगे हैं और लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द खुलासा नहीं हुआ तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। हालांकि पुलिस का दावा है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा।

## संक्षेप

### अज्ञात वाहन ने डीसीएम में मारी टक्कर परिचालक घायल

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के कानपुरझलखनऊ हाईवे पर जगदीशपुर गांव के सामने मंगलवार सुबह एक सड़क हादसा हो गया। हाईवे पर जा रही डीसीएम में पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे डीसीएम में सवार क्लीनर गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल क्लीनर को एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवाबगंज भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने बताया ट्रक कानपुर से लखनऊ की ओर जा रहा था, जिसने आगे चल रहे अज्ञात वाहन में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक डीसीएम से जा भिड़ा। जिसमे क्लीनर शम्शुद्दीन गम्भीर रूप से घायल हो गया। डीसीएम चालक भोलेनाथ पुत्र रामनिवास, निवासी कटरा वीर, जिला गोंडा के साथ ऐम्बुलेंश से सीएचसी भेज गया। जहां जे जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया।

### आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं हाइवे किनारे खडे मालवाक वाहन

हसनगंज, उन्नाव। सरकार का सख्त आदेश है कि किसी भी हाइवे व लिंक रोड़ की पटरी पर किसी भी प्रकार के वाहन नही खड़े होगें व पार्किंग भी किसी भी दशा मे स्वीकार नही होगी इसपर हसनगंज तहसील की एसडीएम प्रज्ञा पांडे व सीओ अरविंद कुमार चौरसिया लगातार पूरे तहसील सर्किल मे हाइवे किनारे व लिंक मार्गों पर ढाबा। संचालकों व खोमचे। वालो को दिन रात जागरूक कर रहे कि किसी भी दशा मे छोटे से लेकर बडे वाहन सड़क किनारे न खड़े होने पाये ढाबा संचालकों का रवैया शक्ति शुरू होने के बाद भी नही सुधर रहा है लखनऊ बांगरमऊ हाइवे पर हसनगंज की रेंज मे दर्जनों ढाबा संचालित व ढाबा के सामने बे खौफ होकर वाहन खडा करा रहे है लखनऊ बांगरमऊ हाइवे पर अकबरपुर ।आवागोझा। नसरतपुर जंगले म उ ।पुछड़ा चौराहा ।लखपेड़ा चौराहा। महराजगंज। अजगैन मोहान हाइवे पर गैस गोदाम के बगल मे ।नवई ।नईसरांय।लालपुर ।उ्चद्म चौराहा ।धौंरा ।मटरिया। मोहान ग्रामीण एरिया रेंज मे दर्जनों वेज व नान वेज ढाबा संचालित हो रहे हैं इन ढाबो के सामने सड़क की पटरी पर दिन रात वाहन खड़े रहते है जिनपर चाय। जलपान ।भोजन ।करने के लिए वाहनो का ठहराव रहता है जबकि इनके आसपास न कोई पडाव है न पार्किंग ठेका यह लोग सरकार के आदेश की धज्जियां खुलेआम उडा रहे है

### ट्रक व पिकअप लोडर में भिंडत दोनो चालक घायल

बांगरमऊ, उन्नाव। कोहरे के कारण एक ट्रक पिकअप लोडर में पीछे से भिड़ गया इस हादसे में दोनो वाहन अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे पलट गए गनीमत रही दोनों वाहनों के चालकों को मामूली चोट आई। ट्रक चालक नुरैन निवासी संभल मुरादाबाद ट्रक में गन्ने का बुरादा लोडकर जा रहा था तभी मंगलवार की अलसुबह करीब 2 बजे बांगरमऊ क्षेत्र में हरदोई उन्नाव मार्ग पर गांव सुल्तानपुर के निकट भीषण कोहरे के चलते आगे चल रहे पिकअप लोडर से उसकी भिड़ंत हो गई घटना के दौरान दोनों वाहन अनियंत्रित होकर मार्ग किनारे पलट गए तथा उनपर सवार चालक लोगो को मामूली चोट आई किंतु एक बड़ा हादसा टल गया।

# डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

## स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पीएसआई इंडिया व केनव्यू के सहयोग से चलाया जा रहा कार्यक्रम

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव, 24 दिसम्बर। स्वास्थ्य विभाग के तत्वावधान में पापुलेशन सर्विसेज इंटरनेशनल इंडिया और केनव्यू के सहयोग से जिले में चलाये जा रहे ह्लडायरिया से डर नहींह्व कार्यक्रम की समीक्षा बैठक मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिनंदन प्रसाद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पीएसआई इंडिया के गजेन्द्र सिंह ने कार्यक्रम सम्बन्धी गतिविधियों और प्रगति के बारे में विस्तार से चर्चा की और राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन (एनयूएचएम) की शहरी स्वास्थ्य समन्वयक डॉ. रानु कटियार द्वारा टीकाकरण, परिवार नियोजन की उपलब्धियों एवं कमियों पर समीक्षा की गयी क इसके साथ ही हेल्थ मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) रिपोर्टिंग फार्मेट पर विस्तृत रूप से समीक्षा की गयी इस मौके पर प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि डायरिया से बच्चों को पूरी तरह से सुरक्षित बनाने के लिए जन जागरूकता बहुत जरूरी है। डायरिया से जुड़ी भ्रांतियों को भी दूर किया जाना चाहिए। पीएसआई इंडिया के गजेन्द्र ने विगत तीन माह की प्रगति के बारे में बताया क उन्होंने बताया कि पीएसआई इंडिया द्वारा जनपद उन्नाव के 47 प्रमुख स्थानों पर डायरिया से संबंधित दीवार लेखन किया गया है, ताकि जन-जन में जागरूकता की अलख जगाई जा सके। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर आशा एवं एएनएम की बैठक में प्रतिभाग कर डायरिया पर चर्चा की जा रही है। इसके अलावा अतिरिक्त छाया ग्रामीण स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस सत्रों का सहयोगात्मक निरीक्षण किया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी स्वास्थ्य इकाइयों पर ओआरएस व जिंक कार्नर बनाने का कार्य किया जा रहा है। मार्च से अब तक 1571 आशा कार्यकर्ताओं, एएनएम, आशा संगिनी का डायरिया पर अभिमुखीकरण किया जा चुका है 1210 महिला आरोग्य समिति के सदस्यो एवं 597 आंगनबाड़ी कार्यकताओं का भी अभिमुखीकरण किया जा चुका है क डायरिया कार्ड, पम्पलेट आदि प्रचार सामग्री (आईईसी) का वितरण किया गया एवं प्रचार वाहन के संचालन के बारे मे चर्चा की गयी। एचएमआईएस रिपोर्ट को लेकर भी विस्तृत रूप से चर्चा हुईक बैठक में जिला कार्यक्रम प्रबन्धक (डीपीएम) इंतजार अहमद सिद्दीकी, शहरी स्वास्थ्य समन्वयक डॉ. रानू कटियार, डब्लूएचओ प्रतिनिधि, एफपीएलएमआईएस मैनेजर डॉ. आरिफ ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर पीएसआई इंडिया से अनुरेश सिंह एवं अशरफ हुसैन उपस्थित रहे।

# हो रहे निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जनपद के प्रमुख और व्यस्ततम गांधीनगर तिराहे के सौंदर्यीकरण एवं रीडेवलपमेंट कार्य का मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बताया कि गांधीनगर तिराहे का यह कार्य केवल चौराहे तक सीमित नहीं है। इसके तहत आसपास की सड़कों, वेंडिंग एरिया और यात्री सुविधाओं को भी सामूहिक रूप से विकसित किया जा रहा है। तिराहे पर लगा 'WELCOME TO UNNAO' साइनबोर्ड हटाकर दूसरी जगह स्थानांतरित किया जाएगा। डीएम गौरांग राठी ने जानकारी दी कि गांधीनगर तिराहे के रीडेवलपमेंट के तहत कानपुर रोड की दिशा में बनाए जा रहे वेंडिंग एरिया और बस स्टॉप से जुड़े अधिकांश कार्य लगभग पूरे हो चुके हैं। अब इन सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित और सुचारु स्वरूप में लाने की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि प्रशासन का लक्ष्य है कि करीब एक सप्ताह के भीतर वेंडिंग एरिया, पार्किंग व्यवस्था, ऑटो बे और बस स्टॉप को पूरी तरह संचालित कर दिया जाए। इससे आम जनता और दुकानदारों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान कहा कि जहां-जहां अंतिम रूप दिया जाना है या आवश्यक बदलाव किए जाने हैं, उन बिंदुओं पर संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की। उन्होंने गुणवत्ता से कोई समझौता न करने और तय समय सीमा के भीतर सभी कार्य पूरे करने के निर्देश दिए। गांधीनगर तिराहे के मुख्य चौराहे के विकास कार्य के बारे में डीएम ने बताया कि इसका निर्माण कार्य भी आगामी 15 से 20 दिनों के भीतर तेजी से शुरू कर दिया जाएगा। इस चरण में चौराहे को आधुनिक स्वरूप देने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को अधिक सुगम और सुरक्षित बनाया जाएगा, जिससे जाम की समस्या से भी निजात मिल सकेगी। डीएम गौरांग राठी ने स्पष्ट किया कि प्रशासन का कुल उद्देश्य है कि जनवरी माह के अंत तक गांधीनगर तिराहे का री डेवलपमेंट कार्य हर तरह से पूर्ण कर लिया जाए।

# शिक्षकों व छात्रों ने राहगीरों को गुलाब का फूल देकर यातायात का पढ़ाया पाठ

अमन लेखनी समाचार



सफीपुर, उन्नाव। लगातार हो रहे सड़क हादसों में हो रहीं जानमाल की क्षति को देखते हुए शिक्षकों और छात्रों ने ग्राम रनियाँमऊ में जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें राहगीरों को गुलाब का फूल देकर यातायात का पाठ पढ़ायो कंपोजिट स्कूल रनियांमऊं के शिक्षकों और विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे इस अनूठे प्रयास को अभिभावकों एवं शिक्षा विभाग के उच्चाधिकारियों ने भी सराहोशिक्षक अमित तिवारी ने बताया कि घने कोहरे और भीषण सर्दी की वजह से दुर्घटनाओं में वृद्धि हो रहीं हैंइनसे बचने के लिए यातायात के नियमों का पालन करना अति आवश्यक हैकई हादसे केवल थोड़ी सी लापरवाही के चलते हो जाते हैं ग्रामवासियों से अपील की गयी कि वाहन चलाते समय हेल्मेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करे तथा गाड़ी की गति नियन्त्रित रखेबीईओ अनीता साह ने जागरूकता कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे अच्छा प्रयास बतायोबता दें कि सर्दियों की शुरूआत होते ही हुए कई सड़क हादसों में सैकड़ों लोग हताहत हो चुके हैं जिसका सीधा असर पीड़ित परिवारों के सदस्यों पर पड़ रहा है मुख्य रूप से अमित तिवारी, संजीव संखवार, द ेवेन्द्र त्रिपाठी, ज्ञानेंद्र कुशवाहा, अनूप साहू, कृपा शंकर, मनोज कुमार, राधा देवी, सरोजनी देवी आदि उपस्थित रहे।

# जयंती समारोह का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के रिसार्ट टेढ़ा में मंगलवार को₹श्री महाबीर प्रसाद विद्यार्थी साहित्य सेवी संस्थान द्वारा कीर्तिशेष श्री महाबीर प्रसाद, विद्यार्थी, (बैसवारा अंञ्चल की विलक्षण प्रतिभा )का जयन्ती समारोह' उल्लासपूर्व और धूम-धाम से मनाया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता डा0 शिवप्रताप सिंह पूर्व प्रोफेसर जी०एस० वी०एम० मेडिकल कालेज ने की। मुख्य अतिथि डा० शत्रुध्न यादव प्रख्यात चिकित्सक व विशिष्ट अतिथि के० वी० सिंह जी उरई (जालौन) थे ।कार्यक्रम का संचालन संस्थान सचिव गौरी सिंह ने किया ।सभी आगन्तुको का संस्थान द्वारा माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह व शाल पहना कर सम्मान किया गया।

सभी अतिथियों ने कीर्तिशेष शिक्षाविद विद्यार्थी जी के कृतित्व और व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते. हुए उन्हें अप्रतिम मेधा का व्यक्ति बताया। साथ ही उनके साहित्य और शिक्षण की समालोचना कर मुक्त कंठ से सराहना की। इसके पश्चात बैसवारा अंञ्चल के छः इन्टर कालेजों के सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्रों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित कर उत्साह वर्धन किया गया। हा० स्कूल बोर्ड परीक्षा में जिले में प्रथम स्थान तथा उत्तर प्रदेश में चौथा स्थान स्थान पाने वाली छात्रा कु० आस्था पटेल निवासी ग्राम- रुझिहई को संस्थान द्वारा पुत्री स्व० सत्येन्द्र सिंह को संस्थान द्वारा प्रतीक चिन्ह व पांचः हजार रुपये (5000/-रु) आर्थिक सहायता प्रदान की गई। कार्यक्रम में वाणीपुत्रो ने अपनी सरस कवितायें सुना कर लोगो को आल्हादित कर दिया ।संस्थान के संरक्षक डा० रामनरेश जी द्वारा श्री महाबीर प्रसाद विद्यार्थी रत्नावली₹ तथा सी० पी० सिंह की कृति ङ्ट पन्नाधाय₹ शतम का लोकार्पण किया गया। साथ ही जरूरतमंद लोगो को कंबल भी वितरित किये गए। इस मौके पर डा० रामनरेश सिंह ,प्रो०राम सिंह ,डा० प्रवीन, शिवकुमार फौजी ,रमेश सिंह, राजबक्स सिंह, सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# चाचा चौधरी की जयंती पर किसानों ने अर्पित किए श्रद्धा सुमन


अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्य जयंती की अवसर पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत संस्था द्वारा श्रद्धांजलि समारोह बैठक आयोजित की गई बैठक प्रारंभ होने से पूर्व पदाधिकारियों ने देश के पूर्व प्रधानमंत्री चाचा चौधरी की प्रतिमा में माल्यार्पण श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सादर अभिवादन किया शहर के नहर कॉलोनी में मनाया जा रहे जयंती समारोह अंतर्गत भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के पदाधिकारियों ने अपना अपना वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए पूर्व प्रधानमंत्री के जीवन पर विस्तृत चचाएं की संस्था के राष्ट्रीय संगठन मंत्री राजेंद्र सिंह ने किसानों का मसीहा बताते हुए पूर्व प्रधानमंत्री के बारे में कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन किसानों के लिए समर्पित कर दिया देश के पांचवें प्रधानमंत्री चाचा चौधरी जिन्होंने अपना संपूर्ण कार्यकाल बिना संसद भवन गए ही पूर्ण किया था कार्यक्रम में मौजूद जिला अध्यक्ष नवल सिंह पटेल ने बताया कि किसानों की हक की लड़ाई के लिए पूर्व प्रधानमंत्री ने बहुत ही महत्वपूर्ण कदम उठाए थे कार्यक्रम की अध्यक्षता यदुनंदन आर्य तथा कुशल संचालन जिला प्रवक्ता दिनेश चंद्र शुक्ल द्वारा की गई इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तम सिंह पटेल प्रदेश सचिव राम सहाय पटेल जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव नागेंद्र सिंह पंकज साहू सोलंकी सिंह केपी सिंह धनंजय सिंह चंद्रपाल लोधी समेत भारी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता व अन्य पार्टियों की कार्यकर्ता मौजूद रहे

# हिस्ट्रीशीटर अपराधियों को देनी होगी थाने में हाजिरी

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस ने अपराधियों पर नकेल कसने के लिए 'ऑपरेशन दस्तक' शुरू किया है। इस अभियान के तहत जिले की सदर कोतवाली में कुख्यात अपराधियों, हिस्ट्रीशीटरों, चोरों और लुटेरों को रोजाना हाजिरी लगानी अनिवार्य कर दी गई है। यह कार्रवाई अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के उद्देश्य से की जा रही है। सदर कोतवाली परिसर में एक अनोखा नजारा देखने को मिला, जब चिन्हित अपराधी हाथों में तख्तियां लेकर पहुंचे। इन तख्तियों पर लिखा था, ₹मजदूरी कर लेंगे, अपराध नहीं करेंगे... हमें माफ करो ।₹ यह दृश्य किसी फिल्मी सीन जैसा लग रहा था, लेकिन यह उन्नाव की हकीकत थी। पुलिस न केवल अपराधियों की हाजिरी ले रही है, बल्कि उनसे उनके वर्तमान काम, निवास स्थान और दैनिक दिनचर्या के बारे में भी पूछताछ कर रही है। 'ऑपरेशन दस्तक' के तहत इन अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखी जा रही है। हाजिरी के दौरान अपराधियों ने अपनी मौजूदा स्थिति और भविष्य की योजनाओं की जानकारी पुलिस को दी। यह अभियान सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि जिले में अपराध के लिए कोई जगह नहीं है। अपराधियों को या तो अपराध छोड़कर मुख्यधारा में लौटना होगा, या फिर उन्हें रोजाना थाने में रिपोर्ट करना होगा। इस सख्त कार्रवाई का असर भी दिखने लगा है। एक ओर जहां अपराधियों में पुलिस का खौफ साफ नजर आ रहा है, वहीं दूसरी ओर आम जनता में सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के प्रति भरोसा बढ़ा है। प्रभारी निरीक्षक चंद्रकांत मिश्रा ने बताया कि 'ऑपरेशन दस्तक' का मुख्य उद्देश्य अपराधियों को अपराध से दूर करना और जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखना है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कोई भी चिन्हित अपराधी दोबारा किसी आपराधिक गतिविधि में शामिल पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने का आरोप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। शुक्लागंज स्थित ग्राम मझरा पीपरखेड़ा एहतमाली में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और निजी भूमि की मेढ़ को लेकर विवाद गहरा गया है। इस संबंध में शक्ति नगर निवासी एक महिला ने जिलाधिकारी (डीएम) से शिकायत कर सरकारी भूमि का सीमांकन कराने और अपनी निजी भूमि की मेढ़ स्पष्ट करने की मांग की है। महिला दिव्या अवस्थी ने जिलाधिकारी और सहायक अभिलेख अधिकारी को एक प्रार्थना पत्र भेजा है। इसमें उन्होंने ग्राम सभा की भूमि संख्या 417, जिसका क्षेत्रफल लगभग 29 बीघा है, का सीमांकन कराने का अनुरोध किया है। साथ ही, उन्होंने अपनी निजी भूमि संख्या 418 की वास्तविक मेढ़ चिन्हित कराने की भी मांग की है। दिव्या अवस्थी का आरोप है कि कुछ दबंग भूमाफिया सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर उसे छोटे-छोटे हिस्सों में बेच रहे हैं, जिससे सरकारी संपत्ति को भारी नुकसान हो रहा है। दिव्या अवस्थी ने अपने पत्र में बताया कि लगभग एक वर्ष पहले इसी भूमि के एक हिस्से पर कब्जे को लेकर विवाद हुआ था। उस दौरान आरोपियों ने उन्हें धमकाया था और सरकारी अभिलेख भी फाड़ दिए थे। इस मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन भूमाफियाओं के हौसले कम नहीं हुए। अब दिव्या अवस्थी का आरोप है कि वही तत्व उनकी निजी भूमि संख्या 418 पर भी कब्जा करने की साजिश रच रहे हैं। वे फर्जी कागजात तैयार कर भूमि हड़पने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले को लेकर आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन उसका निस्तारण नियमों के विपरीत किया गया। पीड़िता का कहना है कि पुलिस द्वारा बिना मौके पर जाकर स्थल निरीक्षण किए ही शिकायत का गुणवत्ताहीन और औपचारिक निस्तारण कर दिया गया, जिससे समस्या बनी हुई है। दिव्या अवस्थी ने जिलाधिकारी से निष्पक्ष सीमांकन कराकर ग्राम सभा की भूमि को अतिक्रमण मुक्त और सुरक्षित कराने की मांग की है। ताकि सरकारी संपत्ति को बचाया जा सके। साथ ही उनकी निजी भूमि की मेढ़ स्पष्ट कराकर संभावित विवाद और अवैध कब्जे की कोशिशों पर रोक लगाई जाए। इस मामले में प्रशासन की कार्रवाई पर अब ग्रामीणों और पीड़िता की नजरें टिकी हुई हैं।

# हाइवे किनारे ढाबा होटलों पर पुलिस की रवैया सख्त

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। पुलिस ने लखनऊ-कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं और यातायात अव्यवस्था पर सख्त रुख अपनाया है। हाईवे किनारे ढाबा, होटल और रेस्टोरेंट के बाहर अनियंत्रित पार्किंग से बढ़ते हादसों की आशंका को देखते हुए पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी क्रम में ढाबा और होटल संचालकों को नोटिस जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह अभियान क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया के निर्देशन में चलाया गया। पुलिस अधिकारियों ने हाईवे किनारे स्थित प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। इसमें पाया गया कि कई स्थानों पर भारी वाहन, बसें और कारें सड़क किनारे ही खड़ी कर दी जाती हैं, जिससे यातायात बाधित होता है और दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी होटल या ढाबे के सामने सड़क पर वाहन पार्क नहीं किए जाएंगे। संचालकों को अपने परिसरों में दिन-रात पार्किंग की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने और इसके लिए स्टाफ तैनात करने को कहा गया है। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि होटल या ढाबे के बाहर अवैध रूप से भीड़ न लगे और नशा सेवन जैसी गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रहे। अधिकारियों ने क्षमता से अधिक वाहनों को परिसर में प्रवेश न देने की भी हिदायत दी है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि यदि किसी प्रतिष्ठान के बाहर सड़क पर वाहन खड़े पाए जाते हैं या नियमों का उल्लंघन होता है, तो वाहन चालक के साथ-साथ होटल संचालक को भी जिम्मेदार माना जाएगा। उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि इस सख्ती का उद्देश्य सड़क सुरक्षा को मजबूत करना और दुर्घटनाओं में कमी लाना है, विशेषकर कोहरे और रात्रि के समय हाईवे पर खड़े वाहनों के कारण होने वाले हादसों को रोकना। क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया ने स्पष्ट किया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ चालान, मुकदमा और अन्य विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# जनपद में तैनात 17 मुख्य आरक्षी हुए पदोन्नति

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। पुलिस में मंगलवार को 17 मुख्य आरक्षी (नागरिक पुलिस) को उप निरीक्षक (नागरिक पुलिस) के पद पर पदोन्नत किया गया। पुलिस कार्यालय परिसर में आयोजित एक सादे समारोह में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने नवपदोन्नत अधिकारियों को स्टार लगाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक उन्नाव जय प्रकाश सिंह ने सभी नवपदोन्नत उप निरीक्षकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह पदोन्नति उनके लंबे सेवा अनुभव, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासन का परिणाम है। पुलिस अधीक्षक ने उप निरीक्षकों से कहा कि यह पद अधिक जिम्मेदारी और नेतृत्व की अपेक्षा करता है। उन्होंने सभी अधिकारियों को अपने कार्य में ईमानदारी, संवेदनशीलता और कानून के प्रति पूर्ण निष्ठा बनाए रखने का निर्देश दिया। समारोह में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी प्रेमचंद, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह, सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी नगर दीपक यादव और क्षेत्राधिकारी यातायात/आंकिक अजय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे। सभी वरिष्ठ अधिकारियों ने एक-एक कर नवपदोन्नत उप निरीक्षकों के कंधों पर स्टार लगाए। वरिष्ठ अधिकारियों ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस विभाग में पदोन्नति केवल सम्मान नहीं, बल्कि जनता की सेवा के प्रति और अधिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है। उन्होंने नवपदोन्नत अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे अपने अधीनस्थों का सही मार्गदर्शन करेंगे और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। नवपदोन्नत उप निरीक्षकों ने इस पदोन्नति को वर्षों की मेहनत और समर्पण का परिणाम बताया। उन्होंने पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने और जनता व विभाग की उम्मीदों पर खरा उतरने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम के अंत में सभी नवपदोन्नत उप निरीक्षकों को शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर ने न केवल पदोन्नत अधिकारियों का मनोबल बढ़ाया, बल्कि अन्य पुलिसकर्मियों को भी कर्तव्यनिष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा दी।

# शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक घने कोहरे का कहर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। मंगलवार सुबह घने कोहरे ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया। तड़के से ही छाए कोहरे के कारण दृश्यता सिमटकर करीब 20 मीटर रह गई। हालात ऐसे रहे कि दिन में भी वाहन चालकों को हेडलाइट जलाकर चलना पड़ा। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक कोहरे का व्यापक असर देखने को मिला। कोहरे का सबसे ज्यादा असर नेशनल हाईवे-27 और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर नजर आया। दोनों मार्गों पर वाहन रेंगते रहे। तेज रफ्तार के लिए पहचाने जाने वाले एक्सप्रेस-वे पर भी चालक बेहद सावधानी से वाहन चलाते दिखे। सुरक्षित दूरी बनाए रखने के कारण यातायात की गति काफी धीमी हो गई। घने कोहरे के कारण गंगा पुल पर भी यातायात प्रभावित हुआ। यहां वाहनों की रफ्तार थम गई और लंबी कतारें लग गईं। वाहन चालकों को पुल पार करने में सामान्य से कहीं ज्यादा समय लगाना पड़ा। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को जिले का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री और अधिकतम 13 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। 68 प्रतिशत आर्द्रता और ठंडी हवाओं ने ठिठुरन और बढ़ा दी। सुबह और शाम के समय ठंड का असर ज्यादा महसूस हुआ, जिससे लोगों को गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ा। कोहरे का असर रेल यातायात पर भी साफ दिखाई दिया। जिले से गुजरने वाली कई ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से चलीं। गोमती एक्सप्रेस, कानपुर-लखनऊ मेमू समेत अन्य यात्री ट्रेनों के विलंब से चलने के कारण यात्रियों को स्टेशन पर इंतजार करना पड़ा। स्टेशन अधीक्षक मोहम्मद शकील ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए ट्रेनों की गति नियंत्रित रखी जा रही है। घने कोहरे और ठंड के चलते आम जनजीवन प्रभावित रहा। सुबह टहलने निकलने वालों की संख्या कम नजर आई। स्कूल जाने वाले बच्चों और कामकाजी लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई इलाकों में लोग अलाव जलाकर ठंड से बचते दिखे। ग्रामीण क्षेत्रों में खेतों की ओर जाने वाले किसानों को भी कोहरे के कारण परेशानियां झेलनी पड़ीं। प्रशासन और यातायात विभाग ने कोहरे के दौरान वाहन चालकों से विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर चलने वाले वाहनों से धीमी गति, फॉग लाइट और इंडिकेटर के इस्तेमाल की सलाह दी गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में भी कोहरा और ठंड बने रहने की संभावना जताई है।

# प्रेरणा स्थल के लोकार्पण को लेकर भाजपा कार्यकताओं की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी बाजपेयी के जन्मदिवस 25 दिसंबर को लखनऊ स्थित प्रेरणा स्थल का लोकार्पण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। इस ऐतिहासिक अवसर को लेकर क्षेत्र में उत्साह का माहौल है। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत कटियार ने नगर के एक गेस्ट हाउस में भाजपा कार्यकताओं की बैठक की। बैठक के मुख्य अतिथि संगठन के प्रदेश महामंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा की श्रद्धेय अटल जी हम सबके प्रेरणा स्रोत हैं। उनके सम्मान में प्रदेश सरकार द्वारा लखनऊ में प्रेरणा स्थल बनाया गया है। अटल जी के जन्मदिवस आगामी 25 दिसंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस स्थल का लोकार्पण कर जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रदेश महामंत्री संजय राय ने कहा कि लखनऊ में एक ऐतिहासिक स्थल हम सबको मिलने जा रहा है। प्रदेश मंत्री शंकर लाल लोधी ने कहा हमारे तीनों प्रेरणा स्रोत अटल बिहारी बाजपेयी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन से संबंधित सब कुछ वहां प्रत्यक्ष रूप से देखने को मिलेगा। विधायक श्रीकांत कटियार ने कहा कि अटल बिहारी बाजपेयी केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के प्रेरणास्रोत थे। प्रेरणा स्थल का लोकार्पण उनके विचारों और आदर्शों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम बनेगा। विधायक ने कार्यकताओं से अपील की कि वे कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से जुट जाएं और अधिक से अधिक लोगों को इस आयोजन से जोड़ें। बैठक में बूथ स्तर तक जिम्मेदारियां तय की गईं और व्यवस्थाओं को सुचारु रखने के निर्देश दिए गए। बैठक को जिला अध्यक्ष अनुराग अवस्थी, सदर विधायक पंकज गुप्ता, पुरवा विधायक अनिल सिंह, सफीपुर विधायक बंबा लाल दिवाकर व मोहान विधायक बृजेश रावत ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर जिला मंत्री विपिन मिश्रा, आशीष अटल, नूतन सिंह, फतेहपुर 84 ब्लाक प्रमुख मनोज सिंह , बांगरमऊ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अर्जुन लाल दिवाकर, मंडल अध्यक्ष गोविंद कुशवाहा, संदीप सिंह, जगजीत राजपूत, अजय द्विवेदी आदि सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया।

**केंद्र सरकार का 'विकसित भारत- जी राम जी' बिल आखिर संसद में पारित हो गया। सत्ता पक्ष का तर्क है कि मनरेगा में समय के साथ कई संरचनात्मक खामियां पैदा हो गई थीं, जिनका लाभ भ्रष्ट तत्वों ने उठाया। नए विधेयक के जरिए सरकार मजदूरों को अधिक काम, बेहतर भुगतान व्यवस्था और पारदर्शिता देने की दिशा में आगे बढ़ रही है। अब काम की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, तो यह मजदूरों के लिए सकारात्मक कदम होगा। उधर, प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस ने इसके नाम परिवर्तन पर विरोध जताया है। कांग्रेस का आरोप है कि इस योजना से महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता का अपमान है। वहीं, विपक्ष ने यह आशंका भी जताई कि धीरे-धीरे यह योजना अपने मूल स्वरूप से दूर हो जाएगी और भविष्य में इसे समाप्त करने का रास्ता तैयार किया जा रहा है। अब असली परीक्षा इस बात की होगी कि क्या गरीब मजदूर को नियमित काम, समय पर भुगतान और सम्मानजनक मजदूरी मिल पाती है या नहीं। फिलहाल, संसद की बहस और राजनीतिक घमासान के बीच देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। इसी मुद्दे का विश्लेषण करता *आजकल* का यह खास अंक...**

# भरोसे की कसौटी पर 'जी राम जी'



विश्लेषण

सुशील देव

वरिष्ठ स्तंभकार

**मजदूरों के हित में लाए गए 'विकसित भारत जी राम जी विधेयक को केंद्र सरकार मनरेगा का उन्नत और पारदर्शी विकल्प बता रही है, जबकि विपक्ष इसे लोकप्रिय योजना को कमजोर करने और महात्मा गांधी के नाम को हटाने का राजनीतिक प्रयास मान रहा है। संसद के भीतर और बाहर जिस तरह का शोर और आरोप–प्रत्यारोप देखने को मिले, उसने यह साफ कर दिया कि यह केवल एक प्रशासनिक सुधार का मुद्दा नहीं, बल्कि विचारधारा और राजनीति से भी गहराई से जुड़ा विषय है। उम्मीद करें कि मेहनतकश व्यक्ति को उनका सम्मानजनक रोजगार और सुरक्षित भविष्य मिलेगा।**

आखिरकार लंबी और तीखी राजनीतिक बहस के बाद 'जी राम जी' विधेयक लोकसभा में पारित हो गया। मजदूरों के हित में लाए गए इस विधेयक को केंद्र सरकार मनरेगा का उन्नत और पारदर्शी विकल्प बता रही है, जबकि विपक्ष इसे एक लोकप्रिय योजना को कमजोर करने और महात्मा गांधी के नाम को हटाने का राजनीतिक प्रयास मान रहा है। संसद के भीतर और बाहर जिस तरह का शोर, धक्का–मुक्की और आरोप–प्रत्यारोप देखने को मिले, उसने यह साफ कर दिया कि यह केवल एक प्रशासनिक सुधार का मुद्दा नहीं, बल्कि विचारधारा और राजनीति से भी गहराई से जुड़ा विषय है। सत्ता पक्ष का तर्क है कि 'विकसित भारत जी राम जी विधेयक 2025' के जरिए सरकार मजदूरों को अधिक काम, बेहतर भुगतान व्यवस्था और पारदर्शिता देने की दिशा में आगे बढ़ रही है। सरकार का दावा है कि मनरेगा में समय के साथ कई संरचनात्मक खामियां पैदा हो गई थीं, जिनका लाभ भ्रष्ट तत्वों ने उठाया। अनियमितताएं बढ़ीं।

## नाम परिवर्तन पर विपक्ष नाराज

मजदूरी और निर्माण सामग्री के अनुपात में गड़बड़ी, फर्जी जॉब कार्ड, भुगतान में देरी और राज्यों में धन के दुरुपयोग जैसे आरोप लंबे समय से सामने आते रहे हैं। सरकार का कहना है कि नए विधेयक में तकनीक, निगरानी और जवाबदेही को मजबूत किया गया है, ताकि गरीब मजदूर तक योजना का वास्तविक लाभ पहुंचे।

वहीं विपक्ष की आपत्ति का केंद्र केवल प्रशासनिक बदलाव नहीं, बल्कि नाम परिवर्तन भी है। कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों का आरोप है कि सरकार योजनाओं के नाम बदलने में ज्यादा रुचि रखती है, बजाय उनके प्रभावी क्रियान्वयन के। उनका कहना है कि मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाना केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि उस विचारधारा को कमजोर करने का प्रयास है, जो गांव, श्रम और आत्मनिर्भरता को केंद्र में रखती है। विपक्ष ने यह आशंका भी जताई कि धीरे-धीरे यह योजना अपने मूल स्वरूप से दूर हो जाएगी और भविष्य में इसे समाप्त करने का रास्ता तैयार किया जा रहा है। इसी कारण विपक्ष ने विधेयक को स्थायी समिति में भेजने की मांग की, ताकि विस्तृत चर्चा और संशोधन हो सकें, लेकिन यह मांग लोकसभा में खारिज कर दी गई। सरकार ने विपक्ष के इन आरोपों का तीखा जवाब दिया।



## महिलाओं की भागीदारी बढ़ी

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सदन में कहा कि कांग्रेस ने महात्मा गांधी के नाम का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ के लिए किया, जबकि उनके आदर्शों को जमीन पर लागू नहीं किया। उन्होंने याद दिलाया कि मनरेगा का मूल नाम 'नरेगा' था और 2009 के चुनाव से पहले इसमें महात्मा गांधी का नाम जोड़ा गया।

सरकार का दावा है कि मोदी सरकार ने गांधी के ग्राम स्वराज, स्वावलंबन और श्रम की गरिमा के विचारों को वास्तविक नीतियों में उतारने का प्रयास किया है। चौहान ने आंकड़ों के जरिए यह भी बताया कि कांग्रेस शासन के दौरान जहां 1660 करोड़ श्रम दिवस सृजित हुए, वहीं मौजूदा सरकार के दौरान यह आंकड़ा 3210 करोड़ तक पहुंचा। महिलाओं की भागीदारी भी 48 प्रतिशत से बढ़कर 56.73 प्रतिशत होने का दावा किया गया। सरकार की एक बड़ी दलील यह भी रही कि मनरेगा में मजदूरी और सामग्री खर्च का संतुलन कई राज्यों में बिगड़ा हुआ था। नियमों के अनुसार जहां 60 प्रतिशत राशि मजदूरी पर खर्च होनी चाहिए थी, वहां कई राज्यों में यह अनुपात कम कर दिया गया और सामग्री पर बेहद कम खर्च दिखाया गया। इससे न केवल काम की गुणवत्ता प्रभावित हुई, बल्कि भ्रष्टाचार के रास्ते भी खुले।

## लूट-खसोट पर लगाम लगेगी

सरकार का कहना है कि 'जी राम जी' विधेयक में इन खामियों को दूर करने के लिए स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं और तकनीकी निगरानी से लूट-खसोट पर लगाम लगेगी। हालांकि विपक्ष का यह सवाल भी वाजिब है कि किसी योजना की आत्मा केवल नियमों से नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति और ईमानदार क्रियान्वयन से तय होती है। मनरेगा ने अपने शुरुआती वर्षों में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को संबल दिया, पलायन को रोका और संकट के समय लाखों परिवारों के लिए सुरक्षा कवच का काम किया। कोरोना काल में भी इस योजना ने ग्रामीण भारत को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ऐसे में विपक्ष का डर है कि बदलाव की आड़ में यदि योजना की पहुंच या अधिकार कमजोर हुए, तो इसका सीधा असर सबसे गरीब वर्ग पर पड़ेगा। विपक्ष दलों ने संसद से सड़क तक इस विधेयक को लेकर विरोध जताया। कहा, महात्मा गांधी का नाम हटाकर सरकार ने उचित नहीं किया। विपक्ष ने इसे गांधी का अपमान भी बताया। सच यह भी है कि मनरेगा जैसी बड़ी योजना में खामियां रही हैं और कुछ राज्यों में केंद्र व राज्य-दोनों की जिम्मेदारी तय होती है। भुगतान में देरी, काम की उपलब्धता और निगरानी की समस्याएं वास्तविक रही हैं।

## अब 125 दिन काम की गारंटी

यदि नया विधेयक इन समस्याओं को दूर करता है और सरकार का यह दावा सही साबित होता है कि अब काम की गारंटी 100 दिन से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, तो यह मजदूरों के लिए सकारात्मक कदम होगा। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि पारदर्शिता केवल कागजों तक सीमित न रहे, बल्कि जमीनी स्तर पर भी दिखे। आखिरकार 'जी राम जी' विधेयक केवल नाम परिवर्तन या राजनीतिक जीत–हार का मुद्दा नहीं होना चाहिए। यह करोड़ों ग्रामीण मजदूरों की रोजी–रोटी से जुड़ा सवाल है। सत्ता पक्ष और विपक्ष-दोनों को चाहिए कि वे जल्दबाजी में निष्कर्ष निकालने के बजाय इसके क्रियान्वयन पर नजर रखें।

## सुरक्षित भविष्य की उम्मीद

यदि सरकार वास्तव में गांधी के आदर्शों को जीवित रखने और विकसित गांव की नींव पर विकसित भारत बनाने का दावा कर रही है, तो उसे इस विधेयक को पूरी ईमानदारी से लागू करना होगा। वहीं विपक्ष की भूमिका भी केवल विरोध तक सीमित न रहकर रचनात्मक सुझाव देने की होनी चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि नए नाम और नए ढांचे के साथ यह योजना मजदूरों के काम के अधिकार को मजबूत करेगी, गांवों में टिकाऊ विकास को बढ़ावा देगी और राजनीति से ऊपर उठकर उस उद्देश्य को पूरा करेगी। उम्मीद करनी चाहिए कि मेहनतकश व्यक्ति को उनका सम्मानजनक रोजगार और सुरक्षित भविष्य मिलेगा।

# नाम बदलने के साथ हकीकत भी बदले



नई योजना

रवि शंकर

स्वतंत्र पत्रकार

शेक्सपियर के मशहूर नाटक रोमियो एंड जूलियट की एक लाइन है, जिसका अर्थ है- नाम में क्या रखा है। आज अगर शेक्सपियर होते तो भारत की संसद उन्हें बताती कि शेक्सपियर महोदय, नाम में बहुत कुछ रखा है। संसद अब सिर्फ नाम पर ही बहस करेगी क्योंकि मौजूदा नरेंद्र मोदी सरकार ने मनमोहन सरकार द्वारा लाई गई योजना महात्मा गांधी नेशनल रूरल एम्प्लॉयमेंट गारंटी एक्ट (मनरेगा) का नाम बदलकर विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन ग्रामीण (वीबी राम जी) कर दिया है। बहरहाल, विपक्ष ने इसका विरोध बिल के प्रावधानों के साथ ही ये कहकर भी किया कि महात्मा गांधी का नाम हटाना राष्ट्रपिता का अपमान है। ये पहली बार नहीं है जब मोदी सरकार पुरानी योजनाओं की जगह नए नाम के साथ स्कीम लाई हो। योजनाओं के नाम के साथ ही शहरों के नाम, सड़कों के नाम, जगहों के नाम बदले गए हैं। कांग्रेस का आरोप है कि 1975 से 2013 के बीच शुरू की गई 32 योजनाओं को मोदी सरकार ने नाम बदलकर लॉन्च किया। वह सरकार पर पुरानी योजनाओं की रीपैकेजिंग और रीब्रैंडिंग का इल्जाम लगाती रही है। गांधीजी का नाम हटाना उनकी विरासत को मिटाने की कोशिश है। सिर्फ नाम बदलकर क्रेडिट लेने की मांग है जबकि पहले मोदीजी इसे फेलियर का स्मारक कहते थे। जबकि सरकार का कहना है कि यह विकसित भारत 2047 के विजन से जुड़ा है और गांधीजी के विचारों से कोई विरोध नहीं है। नए कानून की सबसे बड़ी घोषणा है कि ग्रामीण परिवारों को मिलने वाले गारंटीड रोजगार के दिन 100 से बढ़ाकर 125 कर दिए जाएंगे। 25 दिन का अतिरिक्त रोजगार मिलने से उनकी आय में इजाफा होगा, साथ ही रोजगार सृजन के नए तरीके विकसित होंगे। पहली नजर में यह फैसला राहत भरा लगता है, लेकिन इसके साथ एक बड़ा बदलाव भी जुड़ा है। अब इस योजना का पूरा खर्च केंद्र सरकार नहीं उठाएगी। राज्यों को 10 से 40 प्रतिशत तक खर्च अपनी जेब से देना होगा। यानी जहां पहले मनरेगा पूरी तरह केंद्र प्रायोजित योजना थी, अब राज्यों पर आर्थिक बोझ बढ़ने वाला है। जमीनी हकीकत यही है कि गरीब राज्य यह योजना लागू नहीं कर पाएंगे क्योंकि उनके पास वित्तीय बोझ उठाने की क्षमता नहीं होगी और केन्द्र ने पहले ही खुद को यह कहकर निकल लेने का जुगाड़ कर लिया है। 'जी राम जी' बिल में एक और अहम प्रावधान है। बुवाई और कटाई के मौसम के दौरान करीब 60 दिन तक इस योजना के तहत काम नहीं दिया जाएगा। सरकार का तर्क है कि इससे खेती के समय मजदूरों की कमी नहीं होगी और किसान परेशान नहीं होंगे। विपक्ष का कहना है कि इससे गरीब मजदूरों को महीनों तक काम से वंचित रहना पड़ेगा। वहीं, मोदी सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलने और रोजगार के दिनों की संख्या बढ़ाने का फैसला पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में होने वाले चुनावों को देखते हुए भी अहम माना जा रहा है।

**असली परीक्षा इस बात की होगी कि क्या गरीब मजदूर को नियमित काम, समय पर भुगतान और सम्मानजनक मजदूरी मिल पाती है या नहीं। फिलहाल, देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है।**

अब नए बिल से सरकार विपक्ष के इस आरोप का जवाब देने की कोशिश करेगी। यह योजना बीजेपी और पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी टीएमसी के बीच राजनीतिक विवाद का मुद्दा बनी हुई है, क्योंकि केंद्र ने कथित वित्तीय अनियमितताओं का हवाला देते हुए 2022 से पश्चिम बंगाल को निधि देना रोक रखा था। खैर, सियासत अपनी जगह है, लेकिन हकीकत यह है कि पिछले कुछ वर्षों में, सरकार मांग के अनुरूप 100 दिनों का काम उपलब्ध कराने के अनिवार्य दायित्व के बावजूद, प्रति वर्ष 50-55 दिनों से ज्यादा काम उपलब्ध कराने में लगातार विफल रही है। यह स्थिति तब है जब नौकरियों की मांग लगातार बढ़ी है और ग्रामीण क्षेत्रों का संकट और ज्यादा गहराया है। दूसरी तरफ, मनरेगा के लिए बजट आवंटन में लगातार कटौती की गई है। मनरेगा का उद्देश्य केवल रोजगार प्रदान करना ही नहीं है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, तालाब निर्माण और वृक्षारोपण जैसी अवसंरचनात्मक परियोजनाएं कराकर स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना भी है। बेशक, 'जी राम जी' के नाम, काम के दिन और ढांचे में बदलाव जरूर बड़ा है, लेकिन असली सवाल यही है कि क्या इससे गांवों में रोजगार की स्थिति सच में सुधरेगी। अनुभव बताता है कि सिर्फ नाम बदलने और कागजी गारंटी बढ़ाने से जमीन पर बदलाव नहीं आता। असली परीक्षा इस बात की होगी कि क्या गरीब मजदूर को नियमित काम, समय पर भुगतान और सम्मानजनक मजदूरी मिल पाती है या नहीं। फिलहाल, संसद की बहस और राजनीतिक घमासान के बीच देश की सबसे बड़ी रोजगार योजना एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है।

# उपयोगी सिद्ध होगी केंद्र सरकार की योजना



सार्थकता

विकेश कुमार बडोला

स्वतंत्र स्तंभकार

देश के अधिसंख्यक नागरिकों, मतदाताओं व लोगों की दृष्टि में अस्तित्वहीन विपक्ष के अति अराजक प्रतिरोध के बाद अंततः 18 दिसंबर 2025 को 'विकसित भारत-जी राम जी विधेयक, 2025' लोकसभा में अधिमतों के साथ पारित हो गया। एक दिन पूर्व सभासदन में इस विधेयक पर व्यापक चर्चा हुई। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा शीतकालीन सत्र में संसदीय पटल पर रखा गया विधेयक कांग्रेस समेत अन्य दलों के सांसदों को रास नहीं आया। विपक्ष का विरोधी आचरण मात्र विरोध के लिए दिखाई दिया।

विपक्षी सांसदों ने जो बातें उठाईं, उनकी कहीं कोई सार्थक उपयुक्तता नहीं दिखाई दी। उल्लेखनीय है कि पारित विधेयक 25 वर्ष पुराने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का स्थान लेगा। हल्ला करने, बड़बोला आचरण दिखाने तथा देश के सभ्य नागरिकों की दृष्टि में स्वयं को अधिक से अधिक पतित करते हुए कहने को तो विपक्ष मनरेगा के नाम परिवर्तन को महात्मा गांधी के अपमान से जोड़ रहा है, पर विचार करने वाली बात ये है कि अखिल भारतीय रोजगार गारंटी की योजना का अपेक्षित क्रियान्वयन किसी व्यक्ति के नाम के साथ जुड़े रहने से होगा अथवा वर्तमान सत्ता, शासन-प्रशासन द्वारा लोकतांत्रिक निष्ठा के साथ इसके उपयोगी अद्यतनीकरण से होगा। विधेयक के महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों में से एक है रोजगार दिवसों में 100 के स्थान पर 125 दिवसों की वृद्धि। मनरेगा को जी राम जी नाम के साथ अद्यतन करने वाले विधेयक पर सामान्य नागरिकों की पहली प्रतिक्रिया तो यही होगी कि यह इतना गंभीर विषय नहीं था, जो संसद से लेकर सड़क तक विरोध के नाम पर विरोध करके फैलाया व उठाया जाए। कांग्रेस की गठबंधन वाली सरकार के दो पंचवर्षीय कार्यकाल में मनरेगा से जुड़ा भ्रष्टाचार आये दिन लोगों के बीच चर्चा का विषय हुआ करता था। लोग कैसे भूल सकते हैं कि केंद्रीय शासन-प्रशासन से लेकर ग्रामों के प्रधानों तक ने आभासी मनरेगा रोजगार दिखाकर करोड़ों की धनराशि का हेरफेर किया था। अवैध घुसपैठियों को मनरेगा रोजगार के पत्र मिले हुए थे। धरातल पर इनमें से कोई भी व्यक्ति कोई रोजगार या कार्य नहीं करता था, किंतु इनके नाम पर धनाबंटन होता रहा और अवैध तंत्र में ऊपर से नीचे तक परस्पर विभाजित होता रहा। इस समय भारतीय संसद में विपक्ष का अस्तित्व शून्यगति को प्राप्त है। बात यदि जनता के हित की है, तो वो भलीभांति अवगत है कि ग्रामीण विकास मंत्री के नेतृत्व में जी राम जी योजना लोकहित में परिष्कृत की जा रही है। परिवर्तनगामी मनरेगा द्वारा अपेक्षित जनकल्याणकारी लक्ष्य तो प्राप्त होंगे ही होंगे, साथ ही योजना की कमियों, दोषों तथा भ्रष्टाचार का भी निवारण हो सकेगा।

***परिवर्तनगामी मनरेगा द्वारा अपेक्षित जनकल्याणकारी लक्ष्य तो प्राप्त होंगे ही होंगे, साथ ही योजना की कमियों, दोषों तथा भ्रष्टाचार का भी निवारण हो सकेगा।***

# ग्रामीण रोजगार योजना पर बने पक्ष-विपक्ष की सहमति



मुद्दा

योगेश कुमार सोनी

वरिष्ठ पत्रकार

मनरेगा पर एक बार फिर पक्ष-विपक्ष आमने-सामने आ गया। यह देश की एक बड़ी योजना है जो रीढ़ की हड्डी भी मानी जाती है और अब फिर से चर्चाओं में आ गई। मामला यह है कि कांग्रेस की अगुवाई वाली यूपीए सरकार के दौरान मनरेगा कानून आया था। यूपीए सरकार ने 2005 में 'ग्रामीण रोजगार गारंटी कानून' को लागू किया था और 2009 में इसके नाम के साथ 'महात्मा गांधी' जोड़ा गया। यह दुनिया की सबसे बड़ी ग्रामीण रोजगार योजना मानी जाती है।

पिछले दो दशकों से मनरेगा ग्रामीण रोजगार की रीढ़ रही है लेकिन अब मोदी सरकार ने मनरेगा का नाम बदलकर 'विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी 'वीबी-जी राम जी' बिल कर दिया है। संसद के दोनों सदन से यह बिल पास हो गया है लेकिन इसको विपक्ष के सवालों की बड़ी बौछार हो रही है। विपक्ष का कहना है कि इस अहम कानून में बदलाव करने के लिए जो राज्यों पर बहुत ज्यादा वित्तीय बोझ डालेंगे तो यह योजना निश्चित तौर विफल हो जाएगी, लेकिन इसके लिए पक्ष-विपक्ष को यह समझना चाहिए कि मनरेगा जैसी योजना पर राजनीति नही करनी चाहिए। चूंकि इस योजना से एक बड़ा वर्ग साधा जाता है। मनरेगा के मुख्य लाभों में अकुशल श्रमिकों को न्यूनतम मजदूरी का भुगतान, काम में लिंग-आधारित वेतन अंतर को खत्म करना, ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे का विकास आदि शामिल हैं। इन सब सुविधाओं व इसके लाभ लेने वाले वर्ग से यह तो तय हो जाता है कि इसमें कहीं भी राजनीति की जरूरत नहीं है। देश के उस वर्ग को लाभ देना जो जमीनी स्तर पर अपने काम से देश निर्माण में सबसे बड़ी भूमिका निभाता है, यह किसी भी सरकार का धर्म, फर्ज व कर्तव्य माना जाता है। यदि केवल नाम बदलने की बात है तो इसमें विपक्ष को हंगामा करने की जरूरत नहीं है। यदि सत्ताधारी पक्ष को इसमें



**इस योजना की प्रक्रिया को सरल बनाया जाए। यदि विपक्ष इस योजना को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता है तो वह उस तरह के सुझाव दें जिससे जनता को अधिक से अधिक लाभ मिले।**

कुछ बदलाव करने हैं तो वह इस तरह के बदलाव करे जिससे लाभकारियों को फायदा मिले और इसकी प्रक्रिया को सरल बनाया जाए वहीं यदि विपक्ष इस योजना को लेकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराना चाहता है तो वह उस तरह के सुझाव दें जिससे जनता को अधिक से अधिक लाभ मिले। राजनीति करने के लिए भारत जैसे देश में इतने मुद्दे हैं कि हर घंटे एक मुद्दे को उठाया या भुनाया जाए तो पक्ष-विपक्ष का पूरा वर्ष बीत जाएगा लेकिन कुछ मुद्दों पर केवल काम किया जाए वह बेहतर ही है। बीती कांग्रेस की सरकार में सैकड़ों योजनाएं लागू की गई थी, जिसमें जनता को लाभ भी मिला लेकिन हमेशा दलालों को बोलबाला रहता था। अब डिजिटल युग आने के बाद प्रक्रियाएं अपडेट व अपग्रेड हुई हैं लेकिन अब भी स्थिति पूर्ण रूप से लाभकारियों के नियंत्रण में नही है चूंकि किसी भी योजना के लिए लागू करने से ज्यादा उसके लिए जागरूक करना होता है।

कांग्रेस की ओर से बयान आया है कि केंद्र सरकार ने मनरेगा का नाम बदलने के साथ ही अब इसका बोझ राज्यों पर डाल दिया है। जो अधिकार पहले पंचायतों के पास थे, उन्हें अब छीनकर केंद्रीयकृत व्यवस्था को सौंपा जा रहा है। यह कदम महात्मा गांधी के आदर्शों का अपमान है और कांग्रेस इसका सख्ती से विरोध करेगी। यह समझना चाहिए कि यदि मौजूदा सरकार किसी भी योजना में बदलाव करती है तो यह तय नहीं है कि वह उसमें जनहित का ख्याल नहीं रखती बल्कि उसको पहले से बेहतर करके लागू करती है। कांग्रेस इस मामले में जरूरत से ज्यादा उपस्थिति दर्ज करवाते हुए खुद अपनी शुरू की हुई योजना पर सवालिया निशान खड़े कर रही है। चूंकि इस योजना को लेकर सबसे ज्यादा विरोध प्रदर्शन उनके ही कालखंड में हुआ था। प्रशासनिक जिम्मेदारी में राज्य सरकार की बड़ी भूमिका है।

इससे तय हो जाता है कि यह केन्द्र व राज्य सरकारों की तालमेल के साथ ही इतनी बड़ी योजना को अंजाम दिया जाता है। इसको लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यह भारत देश की सबसे अहम योजना है जिसके लिए हर रोज बेहतर होना अनिवार्य है व इस पर कोई राजनीति नहीं होनी चाहिए।

# 'विकसित भारत- जी राम जी विधेयक' से मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था



आर्थिकी

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री

यकीनन इस समय देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जुड़े हुए दो महत्वपूर्ण परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहे हैं। एक, ग्रामीण भारत में बढ़ती हुई आमदनी और बढ़ती हुई खपत के बीच गरीबी में लगातार कमी आ रही है। दो, हाल ही में 16 दिसंबर को सरकार के द्वारा संसद में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) को रद्द करने और इसकी जगह 'विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण)' यानी वी बी जी राम जी नामक नया ग्रामीण रोजगार कानून लाने संबंधी स्वीकृत किया गया विधेयक कानून बनने के बाद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देते हुए दिखाई देगा।

गौरतलब है कि देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में ग्रामीण भारत का योगदान बढ़ता जा रहा है। भारत ने 2024-25 में 35.77 करोड़ टन अनाज पैदा करके एक ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। पिछले दस सालों में भारत का खाद्यान्न उत्पादन 10 करोड़ टन बढ़ा है। ये खेती में आत्मनिर्भरता और गांवों के विकास की तरफ देश की लगातार बढ़ती प्रतिद्धता को दिखाता है। हाल ही में 11 दिसंबर को राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) के द्वारा जारी आठवें चरण के ग्रामीण आर्थिक स्थिति एवं भावना सर्वेक्षण (आरईसीएसएस) में बताया गया है कि देश में पिछले एक साल में ग्रामीण परिवारों की आमदनी बढ़ने से खर्च करने की क्षमता और इच्छा दोनों में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। सर्वे के मुताबिक 80 फीसदी ग्रामीण परिवारों के द्वारा पिछले एक साल में अपनी खपत में वृद्धि की सूचना दी गई है। सर्वे यह भी बताता है कि निवेश और औपचारिक ऋण में भी रिकॉर्ड तेजी दर्ज की गई है जो बढ़ती आय के समानुपातिक मानी जा सकती है। 29.3 फीसदी ग्रामीण परिवारों ने पिछले एक साल में पूंजीगत निवेश (खेती और गैर-खेती दोनों क्षेत्रों में) बढ़ाया है। केवल औपचारिक स्त्रोतों (बैंक, सहकारी संस्थाएं आदि) से कर्ज लेने वाले परिवारों का हिस्सा 58.3 फीसदी हो गया, जो सितंबर 2024 के 48.7 फीसदी था। वस्तुतः ग्रामीण भारत में बढ़ती क्रयशक्ति, वास्तविक आय वृद्धि, जीएसटी सुधार, कम महंगाई और मजबूत सरकारी समर्थन का संयुक्त परिणाम है। गाँवों में भविष्य की आर्थिक स्थिति को लेकर विश्वास बढ़ने, ग्रामीण गरीबी में कमी, छोटे किसानों की साहूकारी कर्ज की निर्भरता में कमी, ग्रामीण खपत में वृद्धि, किसानों का जीवन स्तर



**केंद्र सरकार को गांवों में साहूकारों और अनौपचारिक ऋणों पर निर्भरता घटाने के लिए बैंक शाखा विस्तार के अलावा नई रणनीति के तहत दूसरे कदम उठाने की भी जरूरत है।**

बढ़ने जैसी विभिन्न अनुकूलताओं से ग्रामीण भारत मजबूती की राह पर आगे बढ़ रहा है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) रिसर्च के द्वारा गरीबी पर जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि गरीबी में कमी शहरी इलाकों की तुलना में ग्रामीण इलाकों में अधिक तेजी से हुई है। जहाँ वर्ष 2011-12 में ग्रामीण गरीबी 25.7 प्रतिशत और शहरी गरीबी 13.7 प्रतिशत थी, वहीं वर्ष 2023-24 में ग्रामीण गरीबी घटकर 4.86 प्रतिशत और शहरी गरीबी घटकर 4.09 प्रतिशत पर आ गई है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि वर्ष 2019 से शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान योजना देश के करोड़ों छोटे और सीमांत किसानों को वित्तीय मजबूती देते हुए दिखाई दे रही है। देश के गाँवों में अप्रैल 2020 से शुरु की गई पीएम स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीणों को उनकी जमीन का कानूनी हक देकर उनके आर्थिक सशक्तिकरण का नया अध्याय लिखा जा रहा है। अब संसद में स्वीकृत किए गए वी बी जी राम जी विधेयक के कानून बनने के बाद ग्रामीण रोजगार योजना में बड़ा बदलाव आएगा। प्रत्येक परिवार के लिए रोजगार गारंटी कार्य दिवसों को 100 से बढ़ाकर 125 करने और मौजूदा फंडिंग संरचना को बदलने का प्रस्ताव है। केंद्र और राज्यों के बीच फंडिंग की हिस्सेदारी मौजूदा अधिकतम 90:10 अनुपात के मुकाबले 60:40 के अनुपात में होगी। मसौदा विधेयक में एक केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में कार्य कर रही मनरेगा को एक केंद्रीय क्षेत्र योजना में बदल दिया गया है। ग्रामीण रोजगार स्वाभाविक रूप से स्थानीय है और राज्यों को अब लागत और जिम्मेदारी साझा करनी होगी। जीराम जी के कानून बनने के बाद भी हमें ग्रामीण भारत के विकास और किसानों की प्रगति के लिए कई बातों पर ध्यान देना होगा। गाँवों में साहूकारों और अनौपचारिक ऋणों पर निर्भरता घटाने के लिए बैंक शाखा विस्तार के अलावा नई रणनीति के तहत दूसरे कदम उठाने की जरूरत है। सरकार ने किसानों को साहूकारों के चंगुल से बचाने के लिए जो कानून बनाए हैं, उन कानूनों के पर्याप्त परिपालन पर ध्यान देना होगा।

ग्रामीण ऋण लागत कम करने और विश्वास बढ़ाने के लिए तकनीक का लाभ उठाया जाना होगा। औपचारिक ऋणों के लिए बेहतर प्रोत्साहन और डिजिटल उपकरणों से लैस बैंक प्रतिनिधियों को ग्रामीण परिवारों और संस्थानों के बीच समन्वय का माध्यम बनाया जाना होगा। नए दौर की कौशल युक्त शिक्षा तथा ग्रामीण बेरोजगारी जैसी चुनौतियों के निराकरण के लिए अधिक रणनीतिक प्रयास किए जाने होंगे। उम्मीद करें कि सरकार ग्रामीण भारत में बढ़ती हुई आमदनी और बढ़ती खपत के सुकूनदेह परिदृश्य के बीच मनरेगा के बदलाव के बाद जो वी बी जी राम जी कानून लाने जा रही है, उससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकेगी और विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

## संक्षेप

### आयुष्मान योजना से 51 हजार का इलाज

**82 करोड़ रुपये खर्च, लाखों लाभार्थी पंजीकृत**

अमेठी, केंद्र सरकार की आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना निर्धन परिवारों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो रही है। वर्ष 2018 में शुरू हुई इस योजना के तहत अब तक जिले के 51,000 से अधिक मरीजों का सफल उपचार किया जा चुका है। इन उपचारों पर कुल 82 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। योजना प्रभारी डॉ. अनूप तिवारी द्वारा उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, अमेठी जिले में वर्तमान में 5,71,892 लाभार्थी इस योजना से जुड़े हुए हैं। स्वास्थ्य विभाग के प्रयासों से इन सभी पात्र परिवारों को सूचीबद्ध अस्पतालों में निःशुल्क चिकित्सा सुविधा मिल रही है डॉ. तिवारी ने बताया कि 51,000 मरीजों के इलाज पर सरकार ने 82 करोड़ रुपये की राशि खर्च की है। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए विशेष रूप से सहायक सिद्ध हुई है, जिन्हें पहले गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए अक्सर कर्ज लेना पड़ता था। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अमेठी में केवल सामान्य ही नहीं, बल्कि हृदय रोग, किडनी संबंधी रोग, कूल्हा प्रत्यारोपण, आंखों के जटिल ऑपरेशन और अन्य गंभीर बीमारियों का भी निःशुल्क इलाज संभव हुआ है। योजना प्रभारी ने यह भी बताया कि लाभार्थी सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में अपना आयुष्मान कार्ड दिखाकर 'कैशलेस' उपचार प्राप्त कर सकते हैं। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले का कोई भी पात्र व्यक्ति इस महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सुविधा से वंचित न रहे।

### इक्काताजपुर में जनसुनवाई

**कुत्तों के हमले में घायल ग्रामीणों को मौके पर लगी रेबीज वैक्सीन, स्वास्थ्य समस्याओं का हुआ समाधान**

अमेठी , शुकुल बाजार में रविवार को सुशासन सप्ताह प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत ग्राम सभा इक्काताजपुर के ग्राम प्रधान सुरजीत यादव के आवास पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने की। इस दौरान ग्रामीणों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं और अन्य शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। जनसुनवाई में ग्राम सभा और आसपास के क्षेत्रों में कुत्तों के हमले से घायल हुए लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रेबीज निरोधक (एंटी रेबीज) वैक्सीन लगाई गई। इस पहल से ग्रामीणों को काफी राहत मिली। दरअसल, शुकुल बाजार इलाके में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। ये कुत्ते लगातार ग्रामीणों को अपना निशाना बना रहे हैं, जिससे लोगों में भय का माहौल है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अंशुमान सिंह ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि प्रशासन सीधे गांवों तक पहुंचे और आमजन की समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाए। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी स्वास्थ्य समस्या की स्थिति में तुरंत सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

# डा. सर्वेश कुमार शुक्ला नर्सिंग कालेज को मिली आईएनसी की मान्यता

## बहराइच जिले को मिली एक शिक्षा की सौगात

**नर्सिंग प्राचार्य ने संस्था प्रबंधन को दी बधाई**

**उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का लाभ विद्यार्थी बहराइच में ही ले सकेंगे**

अमन लेखनी समाचार

संतोष मिश्रा




बहराइच। बहराइच जिले को एक नयी शिक्षा की सौगात मिल गई है, जिससे उच्च गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का लाभ विद्यार्थी यही ले सकेंगे। बहराइच - सीतापुर हाईवे मार्ग के सबलापुर स्थित डॉ. सर्वेश कुमार शुक्ला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड पैरामेडिकल साइंसेज को इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आईएनसी) से आधिकारिक मान्यता प्राप्त हो गई है। मान्यता मिलने से क्षेत्र में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल शिक्षा को नई दिशा मिलेगी। कॉलेज को आईएनसी की स्वीकृति मिलने के बाद अब छात्र-छात्राओं को मान्यता प्राप्त नर्सिंग शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। संस्थान आधुनिक सुविधाओं, योग्य शिक्षकों एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण के साथ विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिले के वरिष्ठ सर्जन व संस्था चेयरमैन डा. सर्वेश कुमार शुक्ला व डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला ने बताया कि आईएनसी की मान्यता मिलना संस्थान के लिए गर्व का विषय है और इससे क्षेत्र व शहर के विद्यार्थियों को बाहर जाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। यह उपलब्धि बहराइच जनपद में स्वास्थ्य शिक्षा के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। उन्होंने बताया कि मान्यता मिलने से नर्सिंग कालेज के छात्र-छात्राओं को अपनी पढ़ाई पूरी करने के पश्चात देश-विदेश के किसी भी अस्पताल में नौकरी मिल सकेगी। मान्यता मिलने से पूरे कालेजों में खुशी का माहौल है। डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला ने सभी विद्यार्थियों को मिठाइयां बांटकर खुशी जाहिर की। कालेज के सभी फैकल्टी व विद्यार्थियों ने चेयरमैन डा. सर्वेश कुमार शुक्ला व डायरेक्टर पल्लवी शुक्ला को नर्सिंग कालेज को आईएनसी की मान्यता मिलने पर बधाई दी। नर्सिंग प्राचार्य हरीश नागर ने संस्था प्रबंधन, शैक्षणिक ,गैर शैक्षणिक कर्मचारियों एंव छात्र- छात्रों को मार्गदर्शन एवं सहयोग करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। इस मौके पर मैनेजर आस्था शुक्ला, एकाउंट मैनेजर नीलेश तिवारी, शिक्षिका संगीता पाल, प्रतीज्ञा पाठक, लवीशा प्रजापति, सुषमा गिरी, आंचल सिंह, सौम्या सिंह, फरहत खान, संगीता दूबे, अर्पिता, राहुल श्रीवास्तव, धर्मेंद्र तिवारी, पवक शुक्ला समेत अन्य मौजूद रहें।

# कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा में मनाया गया किसान दिवस

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के सभागार में चौधरी चरण सिंह जी की जयंती को किसान सम्मान दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम काफी संख्या में किसानों ने प्रतिभाग किया और अपने-अपने विचारों रखे। इस अवसर पर केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ संदीप कुमार ने बताया कि चौधरी चरण सिंह जी कहते थे कि देश की समृद्धि का रास्ता गांव के खेतों एवं खलिहानों से होकर गुजरता है उनके द्वारा जमींदार प्रथा उन्मूलन विधायक 1 जुलाई 1952 को लागू किया गया जिसके विरोध में 27000 पटवारी ने त्यागपत्र दे दिया। इसके अलावा देश के प्रति किए गए सराहनीय कार्यों एवं उनके योगदान को विस्तार रूप से चर्चा की गई। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर पीके सिंह ने किसानों के मसीहा चौधरी चरण सिंह के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने जमींदारी उन्मूलन तथा नाबार्ड की स्थापना का कार्य किया साथ ही इस अवसर पर किसानों को जानकारी देते हुए कृषि की उन्नत तकनीक एवं मशीनीकरण के बारे में विस्तृत जानकारी दी । केंद्र के वैज्ञानिक सुनील कुमार ने इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह जी के जीवनी पर विस्तृत जानकारी देते हुए बताया बताया कि इन्होंने जीवन पर्यन्त किसानों के उत्थान के लिए हमेशा प्रयास करते रहे तथा उन्हें भारत रत्न से सम्मानित किया गया। केंद्र की महिला वैज्ञानिक डॉ रेनू आर्या ने किसान सम्मान दिवस के अवसर पर किसानों एवं महिलाओं को संबोधित करते हुए कृषि तकनीकियों एवं उनके पोषण से संबंधित विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमे तीन कंपनियों ने अपना आकर्षण स्टाल लगाया जिसका अवलोकन कर किसानों ने कृषि तकनीकियों एवं मशीनों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर कृषि के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु प्रगतिशील किसान कैलाश वर्मा, कमला प्रसाद, मायाराम, शकुंतला देवी, सीता देवी, वंदना, आसाराम, बाबादीन इत्यादि किसानों को प्रशस्ति पत्र एवं अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर केंद्र के फॉर्म मैनेजर डॉ एस बी सिंह सिंह, सचान बृजेश सिंह एवं उपेंद्र सिंह इत्यादि उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर पीके सिंह ने किया। इस मौके पर काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# पंचायत चुनाव वोटर लिस्ट का प्रकाशन 30 दिसंबर तक, भरे फॉर्म

**1 जनवरी 2026 को पूर्ण कर रहे 18 वर्ष के निर्वाचन प्रपत्र भरकर जमा करें**

अमन लेखनी समाचार



कैसरगंज, बहराइच। कैसरगंज तहसील सभागार में मंगलवार के दिन पंचायत चुनाव वोटर लिस्ट का प्रकाशन किया गया, साथ ही साथ 30 दिसंबर तक सभी निर्वाचन अपना प्रपत्र दो भरकर अपने बीएलओ से संपर्क स्थापित करके अपना नाम पंचायत वोटर लिस्ट में बढ़वा सकते हैं। जिनका नाम पंचायत वोटर लिस्ट में गड़बड़ है वह प्रपत्र तीन भरकर नाम में संशोधन करा सकते हैं। 24 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 तक सभी बीएलओ अपने स्कूल में मौजूद रहेंगे। किसी भी अवकाश के दिन में भी बीएलओ छुट्टी नहीं करेंगे। कैसरगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत समस्त मतदाता अपना पंचायत वोटर लिस्ट में नाम चेक कर लें। पंचायत वोटर लिस्ट में कोई गड़बड़ी या नाम में संशोधन हो तो उसे अपने बीएलओ से तत्काल सही करा ले। मंगलवार के दिन तहसील सभागार कैसरगंज में उप जिलाधिकारी अखिलेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में बी एल ओ के साथ मीटिंग की गई जिसमें सभी बीएलओ को सख्त दिशा निर्देश दिया गया है कि वह तत्काल प्रभाव से 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष पूर्ण कर रहे मतदाता का नाम तत्काल फॉर्म भरकर बढ़ा दें और जिन मतदाता का नाम वोटर लिस्ट में संशोधन करना है, उनका प्रपत्र तीन भरकर संशोधन कर सकते हैं। इस मौके पर तहसीलदार मीना गौड़, नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार सुरेंद्र वर्मा एवं राजस्व की टीम भी मौजूद रही।

# किसान दिवस पर कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों का हुआ सम्मान

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। भूतपूर्व प्रधानमन्त्री स्व. चौधरी चरण सिंह के जन्म दिवस 23 दिसम्बर के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच प्रथम पर किसान सम्मान दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें जिले के 11 किसानों को सम्मानित किया गया। जिसमें किसान कृषि, पशुपालन, उद्यान, मत्स्य पालन, गन्ना दुग्ध और फसल उत्पादन इत्यादि में सक्रिय रूप से अपना योगदान दे रहे हैं। केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष. डॉ. सीपीएन गौतम ने बताया कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले किसानों के योगदान को सम्मान देने के लिए हर साल 23 दिसंबर को राष्ट्रीय किसान दिवस मनाया जाता है यह दिन हमारे अन्नदाताओं की मेहनत संघर्ष और समर्पण को याद करने का अवसर प्रदान करता है। केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह, डॉक्टर प्रियंका सिंह ने किसानों को तकनीकी जानकारी दी। इस अवसर पर सम्मानित होने वाले किसानों को उनके विभिन्न क्षेत्र में बेहतरीन कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से जिया उल एकीकृत फसल प्रणाली , गिरीजेश प्रताप सिंह को मछली उत्पादन, जीवनलाल गेहूं मक्का व सरसों उत्पादन, श्रीमती आरती देवी प्राकृतिक खेती, श्रीमती माया देवी प्राकृतिक खेती, बृजेश कुमार गन्ना उत्पादन, त्रिलोकी केला उत्पादन, अनिल कुमार गेहूं धान उत्पादन, इंद्र कुमार शुक्ला रवी मक्का उत्पादन , भिखूराम मत्स्य पालन, प्रणव कुमार शर्मा मक्का उत्पादन के क्षेत्र में इत्यादि किसानों को फूलमाला अंग वस्त्र और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच प्रथम द्वारा जनपद स्तर पर प्राकृतिक कृषक सियाराम को काला नमक धान उत्पादन के क्षेत्र में तथा राम नरेश कुमार को एकीकृत फसल प्रणाली के क्षेत्र में प्रथम व द्वितीय पुरस्कार क्रमश जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया। केन्द्र पर किसानों को अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ सीपीएन गौतम द्वारा भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र के कर्मचारी गण अनिल कुमार पांडे, इंजीनियर राजीव कुमार, संजय कुमार पांडे, व चंद्र प्रकाश उपस्थित रहे । कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न विकासखंडों के काफी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# किसान दिवस पर महिंद्रा बीज कंपनी ने किया किसान सम्मान समारोह का आयोजन

अमन लेखनी समाचार / मिथिलेश जायसवाल



मोतीपुर, बहराइच। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री एवं किसानों के मसीहा स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह के जन्मदिवस, किसान दिवस के शुभ अवसर पर महिंद्रा बीज कंपनी द्वारा मिहींपुरवा में भव्य किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत चौधरी चरण सिंह जी के चित्र पर उपस्थित किसानों एवं अतिथियों द्वारा माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित करने के साथ हुई। इस अवसर पर महिंद्रा बीज कंपनी के एरिया सेल्स मैनेजर राजेश कुमार यादव, मोहम्मद जमील, एवं डिस्ट्रीब्यूटर राजेश कुमार सिंह, प्रगतिशील किसान व वरिष्ठ पत्रकार मनोज तिवारी, मनीष कुमार सिंह ने चौधरी चरण सिंह जी के जीवन, उनके विचारों और किसानों के हित में किए गए कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी साहब का पूरा जीवन किसान सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास को समर्पित रहा, जो आज भी किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। समारोह के दौरान क्षेत्र के प्रगतिशील एवं अग्रणी किसानों जगन्नाथ यादव, अरुण कुमार वर्मा, राजेंद्र प्रसाद, संजय कुमार वर्मा, गुड्डू लोधी सहित अन्य किसानों को महिंद्रा बीज कंपनी की ओर से अंगवस्त्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में किसानों के योगदान की सराहना करते हुए कंपनी प्रतिनिधियों ने भविष्य में भी किसानों के साथ मिलकर कृषि विकास के लिए कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह सौहार्दपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों की सहभागिता रही।

# राशन कार्ड से सम्बन्धित सभी सेवाएं हुई आनलाइन

## 15 दिवस में होगा कार्डधारकों की समस्या का समाधान

अमन लेखनी समाचार




बहराइच। जनपद के समस्त अन्त्योदय तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्डधारकों को सूचित किया जाता है कि खाद्य तथा रसद विभाग के पब्लिक डोमेन एफसीएस डाट यूपी डाट जीओवी डाट इन पर आमजनमानस हेतु राशनकार्ड से सम्बन्धित विभिन्न सेवाएँ यथा राशनकार्ड विभाजन, यूनिट स्थानान्तरण, राशनकार्ड स्थानान्तरण, राशनकार्ड समर्पण एवं यूनिट निरस्तीकरण हेतु आवेदन तथा मृत्यु की दशा में राशनकार्ड की मुखिया परिवर्तन हेतु आवेदन की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से आवेदक अपने राशनकार्ड से सम्बन्धित इन सेवाओं हेतु अपने राशकार्ड नम्बर तथा राशनकार्ड से लिंक्ड मोबाइल नम्बर के माध्यम से लॉगिन कर आधार आधारित ओटीपी वेरिफिकेशन के पश्चात आवेदन कर सकेंगे। यह जानकारी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी नरेन्द्र तिवारी ने बताया कि राशन कार्ड से सम्बन्धित सुविधाओं हेतु अब राशनकार्ड धारकों को आपूर्ति कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। आवेदक उपरोक्त सुविधाओं हेतु स्वयं आवेदन कर सकेंगे तथा इनके आवेदन सक्षम प्राधिकरियों की लॉगिन्स पर स्वतः प्रदर्शित हो जाएगें तथा सक्षम प्राधिकारियों द्वारा नियमानुसार प्राप्त आवेदनों को 15 दिवस के भीतर निस्तारित कर दिया जाएगा।

# अनियंत्रित वाहन टकराये, दो जख़्मी



अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। रूपईडीहा थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे पर ग्राम सोरहिया के पास छोटा हाथी (पिकप) यूपी 40 टी 3425 चालक इम्तियाज अली पुत्र हामिद अली (35) निवासी ग्राम माधवपुर थाना फखरपुर जनपद बहराइच रुपईडीहा- नानपारा की तरफ जा रहे थे वही वाहन संख्या यूपी 32 पीक्यू 9699 नेक्सा वाहन चालक आलोक सिंह पुत्र नंदकिशोर सिंह निवासी भवनियापुर थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच बाबागंज से रुपईडीहा की तरफ जा रहे थे दोनों वाहन आपस में ग्राम सोरहिया के पास टकरा गए। टक्कर इतनी तेज हुई की दोनों वहां दुर्घटनाग्रस्त हो गए। मौके पर कोई जनहानि नहीं हुई है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस यातायात व्यवस्था सुचारू से व्यवस्थित करते हुए स्थानीय लोगों की मदद से घायल व्यक्तियों को सीएचसी चरदा भिजवाया गया है।

# मिशन सेवा पाली क्लीनिक का समाजसेवी डॉक्टर संतोष वर्मा ने किया उद्घाटन




अमन लेखनी समाचार / संतोष मिश्रा

बहराइच। जनपद बहराइच के कस्बा रुपईडीहा अंतर्गत मिशन सेवा पॉली क्लनिक के डॉ संतोष वर्मा ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर डॉक्टर अमित कुमार व डॉक्टर सोनू वर्मा ने कहा कि क्षेत्र के मरीजों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता होगी। इस मौके पर डॉ संतोष वर्मा सहित राजाराम वर्मा, रामदीन गौतम, ब्रम्हा दत्त वर्मा, प्रताप यादव, उमेश कुमार, पप्पू यादव, रज्जब अली, रामविनायक वर्मा, छत्रपाल वर्मा, रामसूरत यादव, शाहिद हुसैन सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# शारदा नहर की खंधी फटी गेहूं की फसल हुई जलमग्न

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। विकास खंड औरास क्षेत्र के बघौडा गांव पास से निकली शारदा नहर में मंगलवार को पानी के तेज बहाव के कारण अचानक खंधी कट गई। जिससे किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जल मग्न हो गई। गेहूं की फसल बर्बाद होने से किसानों के सामने रोजी रोटी का संकट उत्पन्न हो गया हैं। औरास क्षेत्र से निकली शारदा नहर में बघौडा के पास नहर में मंगलवार को पानी के तेज बहाव के कारण खंधी कट गई। पानी का बहाव इतना विकराल था कि किसान उस्मान, प्रमोद, जाहिद, श्यामसुंदर, बहादुर, भैयालाल, राजेश, मन्ना लाल, ईश्वर दीन, सुल्तान, एवं मैकू सहित लगभग साठ किसानों की सैकड़ों बीघा गेहूं की फसल जल मग्न हो गई। गांव के किसानों ने बड़ी मशक्कत के बाद खंधी बांधकर पानी के बहाव को रोका लेकिन नहर विभाग का कोई कर्मचारी देखने नहीं पहुंचा जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश व्याप्त हैं।

# खाद्य निरीक्षक ने की छापेमारी व्यापारियों में मचा हड़कंप

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज नगर में मंगलवार दोपहर खाद्य निरीक्षक की अचानक की गई छापेमारी से खाद्य कारोबारियों में हड़कंप मच गया। इस दौरान केक बनाने वाली बेकरी दुकानों सहित कई खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच की गई। टीम ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं मानकों की पड़ताल की। दोपहर करीब दो बजे अपने को खाद्य निरीक्षक बताने वाले आधा दर्जन पुरुष-महिलाओं की टीम सबसे पहले दुर्गा रोड स्थित एक बेकरी पर पहुंची, जहां बड़ी मात्रा में केक सहित अन्य खाद्य सामग्री जब्त की गई। इसके बाद टीम ने हाईवे पर स्थित बेकरी दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। छापेमारी की सूचना फैलते ही दुकानदारों में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। एक बेकरी संचालक ने बताया कि यह टीम पहली बार आई है।, जिसको लेकर नगर में चचाओं का बाजार गर्म है।

# एक एक बोरी खाद के लिए दर दर भटक रहे किसान

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। गेहूं के फसल में सिंचाई के बाद टॉप ड्रेसिंग के लिए यूरिया की जरूरत के चलते किसान परेशान है उसे एक बोरी खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। जिला प्रशासन पर्याप्त खाद होने का दावा तो कर रहा है किंतु किसानों के बीच खाद पाने को लेकर हायतौबा मची हुई है। बीघापुर पीसीएफ केंद्र पर मंगलवार सुबह से ही सैकड़ो किसानो की भीड़ जुट गई। वितरण को लेकर आक्रोशित किसान पहले खाद पाने के चक्कर में कई बार लाइन तोड़ आपस में ही गाली गलौज और धक्का मुक्की करते नजर आए। गोदाम सहायक राजेश ने बताया कि पर्याप्त मात्रा में यूरिया खाद उपलब्ध है लेकिन किसानों की भारी भीड़ आपस में ही धक्का मुक्की कर विवाद उत्पन्न कर रहे हैं इसके चलते पुलिस को बुलाकर वितरण कराया गया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित सिंह परिहार ने कहा कि सरकार के दावे हवा हवाई है सरकार के लोगों को वितरण केंद्रों पर जाकर किसानों के हालात देखने चाहिए।

# दुष्कर्म आरोपी के घर पुलिस की मुनादी

## प्रतापगढ़ में फरार आरोपी पर कुर्की की तैयारी, नोटिस चस्पा

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के पीथापुर गांव में एक किशोरी से दुष्कर्म के फरार आरोपी आदित्य गौतम के घर पुलिस ने मुनादी कराई है। पुलिस ने उसके घर पर नोटिस भी चस्पा किया है। आरोपी आदित्य पुत्र विनय गौतम पर किशोरी से दुष्कर्म, बाल संरक्षण अधिनियम के तहत मारपीट, गाली-गलौज और धमकी देने का मुकदमा दर्ज है। वह इस मामले में लंबे समय से फरार चल रहा है। पुलिस अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है, और न ही वह न्यायालय के समक्ष पेश हुआ है। न्यायालय के आदेश पर रविवार दोपहर पुलिस उसके घर पहुंची और लाउडस्पीकर व ढोल पीटकर मुनादी की। पुलिस द्वारा चस्पा की गई नोटिस में चेतावनी दी गई है कि यदि आरोपी जल्द ही न्यायालय के समक्ष पेश नहीं होता है, तो उसकी संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई की जाएगी। अमरगढ़ चौकी इंचार्ज संजय सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार आरोपी के घर मुनादी कर नोटिस चस्पा की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि यदि आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं होता है, तो जल्द ही न्यायालय से आदेश प्राप्त कर कुर्की की कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### नौकरी के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरफ्तार

**बागपत पुलिस ने दो महिला समेत सात आरोपियों को गिरफ्तार भेजा जेल**

बागपत , साइबर थाना पुलिस ने नौकरी दिलाने के नाम पर ऑनलाइन ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का खुलासा करते हुए दो महिलाओं समेत सात अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपी फर्जी इंटरव्यू आयोजित कर लोगों को नौकरी का झांसा देते थे और फिर उनसे ऑनलाइन ठगी करते थे।शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ा।एसपी सूरज राय ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से ठगी में इस्तेमाल होने वाले भारी मात्रा में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अहम दस्तावेज बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह गिरोह अब तक हजारों से अधिक लोगों को साइबर ठगी का शिकार बना चुका है। गिरफ्तार आरोपियों में बागपत के बड़ौत कस्बा निवासी मोहित, पुनीत और वरदान शामिल हैं। इसके अलावा शामली निवासी अक्षय और दिल्ली निवासी अनुज को भी गिरफ्तार किया गया है। इस साइबर अपराध में संलिप्त दो महिलाओं को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस के अनुसार, आरोपियों के खिलाफ बागपत समेत प्रदेश के विभिन्न जनपदों में करीब 20 मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस लंबे समय से इनकी तलाश में जुटी हुई थी। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से 12 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, 6 हजार से अधिक लोगों का डेटा, फर्जी दस्तावेज, 2 सिम कार्ड, 15 बैंक पासबुक, 2 चेकबुक, 2 यूपीआई क्यूआर कोड, एक एटीएम कार्ड और 11 अन्य प्रकार के कार्ड बरामद किए हैं। एसपी सूरज राय ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कुछ आरोपी पहले भी दिल्ली में साइबर ठगी के मामलों में जेल जा चुके हैं। आरोपियों के पास से कुछ अन्य संदिग्ध मोबाइल नंबर भी मिले हैं, जिनकी जांच की जा रही है। यदि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के नाम सामने आते हैं, तो उनके खिलाफ भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किसान नेता की पत्नी की मौत पर लापरवाही का आरोप

**गौरव टिकैत ने प्रदीप धामा से मुलाकात कर आंदोलन की रणनीति बनाई**

बागपत , भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) एक बड़े आंदोलन की तैयारी कर रही है। यह आंदोलन किसान नेता प्रदीप धामा की पत्नी की सांप काटने से हुई मौत के मामले में स्वास्थ्य विभाग की कथित लापरवाही के विरोध में किया जा रहा है। बीकेयू कार्यकताओं का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती के दौरान स्वास्थ्य कर्मचारियों की लापरवाही के कारण उनकी मौत हुई और अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।प्रदीप धामा ने तीन दिन पहले विकास भवन सभागार में अधिकारियों के समक्ष यह मामला उठाया था। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं होने से बीकेयू कार्यकताओं और पदाधिकारियों में रोष है। इसी क्रम में, भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत के बेटे गौरव टिकैत आज बागपत पहुंचे।उन्होंने प्रदीप धामा से मुलाकात की और संगठन के कार्यकताओं से भी बातचीत की।

# क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर लाखों की ठगी

## यूएसडीटी में निवेश का दिया झांसा, 32 लाख तक का दिखाया प्रॉफिट

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, ऑनलाइन क्रिप्टो ट्रेडिंग के नाम पर एक व्यक्ति से लाखों रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित ने साइबर पुलिस थाना में एक वेबसाइट, उसके ट्रेडिंग मैनेजर और उनसे जुड़े अन्य लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है। पीड़ित सुमत कुमार के अनुसार 21 नवंबर को उसने www. soonychain. vip/ www. soonycoin. com नाम की वेबसाइट पर ट्रायल के तौर पर 299.94 यूएसडीटी (करीब 30 हजार रुपए) का निवेश किया।इस निवेश पर 159.5 यूएसडीटी का लाभ दिखाया गया।इसके बाद वेबसाइट से जुड़े प्रदीप कुमार नामक व्यक्ति ने संपर्क कर तीन दिन का कॉन्ट्रैक्ट साइन करने की बात कही, जिसमें 500 यूएसडीटी के निवेश पर तीन ट्रेड कराने और प्रत्येक ट्रेड के लाभ पर 30 प्रतिशत कमीशन देने की बात कही गई।



### वॉट्सऐप ग्रुप बनाकर कराई गई ट्रेडिंग

एग्रीमेंट के बाद प्रदीप कुमार ने वॉट्सऐप पर बिग डील 356 नाम से एक ग्रुप बनाया, जिसमें पीड़ित के अलावा चार अन्य सदस्य शामिल थे। 22 नवंबर 2025 को पहला ट्रेड कराया गया, जिसमें 500 यूएसडीटी निवेश करने पर 294.3 यूएसडीटी का लाभ दिखाया गया।इस पर 30 प्रतिशत कमीशन के रूप में 88.2 यूएसडीटी बिनांस ऐप के जरिए प्रदीप कुमार को दिया गया।

### बिनांस अकाउंट में दिखाया फर्जी कमीशन पेमेंट

इसके बाद 23 नवंबर को दूसरे ट्रेड में 794.85 यूएसडीटी निवेश कर 519.3 यूएसडीटी का लाभ दिखाया गया, जिसका 30 प्रतिशत कमीशन 155.79 यूएसडीटीदिया गया। 24 नवंबर को तीसरे ट्रेड में 1314.05 यूएसडीटी निवेश कर 357.6 यूएसडीटीका लाभ दिखाया गया और 107.2 यूएसडीटी कमीशन के रूप में भुगतान किया गया। पीड़ित का कहना है कि इसके बाद वेबसाइट से 1668.84 यूएसडीटी उसके बिनांस अकाउंट में ट्रांसफर किए गए, जिनमें से कुछ राशि उसने अपने बैंक खाते में निकाल ली।

### पांच दिन का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन कराया

24 नवंबर को पीड़ित से 5 दिन का नया कॉन्ट्रैक्ट साइन कराया गया, जिसमें 2000 यूएसडीटी निवेश और लाभ पर 25 प्रतिशत कमीशन तय किया गया। 25 नवंबर को हुए ट्रेड में 2564.24 यूएसडीटी का लाभ दिखाया गया।

जिस पर 641 यूएसडीटी कमीशन की मांग की गई। यह राशि पीड़ित ने आईसीआईसीआई बैंक खाते से एनईएफटी के जरिए एक अन्य व्यक्ति के खाते में जमा की। इसके बाद 26

# कड़ाके की ठंड में ठिठुरे लोग, 11 पारा

## एक्सपर्ट बोले- कार्डियक अरेस्ट का खतरा ज्यादा; स्कूल सुबह 10 बजे खुलेंगे

अमन लेखनी समाचार

प्रयागराज, भीषण ठंड व गलन से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। यहां 11 तक पारा पहुंचा है। लोगों के लिए अलाव ही सहारा बना हुआ है। वहीं, दूसरी ओर ठंड के चलते ज्यादातर स्कूलों ने छुट्टी कर दी है लेकिन परिषदीय और कुछ अन्य विद्यालय अभी भी संचालित हो रहे हैं। हालांकि स्कूल की टाइमिंग सुबह 10 बजे से 3 बजे तक के लिए किया गया है। वहीं, कोहरे के चलते मुंबई व दिल्ली जैसे शहरों से आने वाली ट्रेनें घंटों से विलंब से पहुंच रही हैं। वहीं डॉक्टर्स भी लोगों को ठंड से बचने की सलाह दे रहे हैं। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के एसोसिएट प्रोफेसर व रफठ हॉस्पिटल के सीनियर न्यूरो फिजिशियन डॉ. कमलेश सोनकर अपनी डढऊ में आने वाले मरीजों को ठंड से बचाव की नसीहत दे रहे हैं। वह बताते हैं कि ठंड में ब्रेन स्ट्रोक व कार्डियक अरेस्ट के खतरे कई गुना ज्यादा बढ़ जाते हैं, ऐसे में सुबह-सुबह अचानक बिस्तर से



बाहर निकलना खतरनाक हो सकता है।

### ब्रेन हेमरेज के केस बढ़ने का खतरा ज्यादा

न्यूरो फिजिशियन डॉ. कमलेश सोनकर ने बताया, ब्रेन हेमरेज व नसों में क्लॉटिंग हो जाती है। यह ठंड में होता है। यदि फालिस का अटैक हो जाता है तो यदि 4.30 घंटे के अंदर अस्पताल में पहुंचते हैं तो उन्हें सरकार की ओर से सभी महंगी दवाइयां फ्री में उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए कुछ क्राइटेरिया है। उन्होंने बताया कि ज्यादातर ये स्ट्रोक शुगर व ब्लड प्रेशर के मरीजों में ज्यादा खतरा होता है। यंग में भी स्ट्रोक का खतरा देखा जा रहा है।

# 2 कारों की जबरदस्त भिड़ंत, 5 लोग घायल

- आमने-सामने की टक्कर होते ही मची चीख-पुकार, बिना कार्रवाई लौटे दोनों कार मालिक

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , कंकरखेड़ा क्षेत्र में दोपहर दो कारों की भिड़ंत हो गई।भिड़ंत इतनी तेज थी कि दोनों ही कारों का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसा होते ही चीख-पुकार मच गई। लोगों ने कारों में मौजूद लोगों को बाहर निकाला। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। काफी देर की गहमागहमी के बाद दोनों ही पक्ष बिना कार्रवाई किए वहां से चले गए।हादसा मेरठ-करनाल हाइवे पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि शामली मार्ग से एक ब्रेजा कार शहर की ओर बढ़ रही थी। कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में ड्रीम सिटी कालोनी के मुख्य गेट के सामने अचानक सामने आई बलीनों से कार की भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ही कार का आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। दोनों कार में महिला भी मौजूद थीं जो जोर जोर से



चिल्लाने लगीं। इसके बाद लोगों की भीड़ जमा हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही कंकरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। तब तक राहगीर कार सवारों को बाहर निकाल चुके थे। पूछताछ में सामने आया कि बलीनों कार में गाजियाबाद के अटौरा गांव के रामकृष्ण पुत्र धर्मपाल थे जो अपनी एक रिश्तेदारी में यहां आ रहे थे। उनके साथ कार में एक महिला व दो पुरुष और मौजूद थे। दूसरी ब्रेजा कार शामली के ग्राम फतेहपुर निवासी बिट्टू पुत्र तेजपाल की थी, जिसमें दो महिलाएं भी मौजूद थीं।स्कूटी सवार दरोगा भी चपेट में आए जिस वक्त यह हादसा हुआ, उस वक्त एक दरोगा अपनी स्कूटी से कहीं जा रहे थे।

# एक लाख के इनामी सिराज का एनकाउंटर

## सुल्तानपुर में वकील की सरेराह हत्या की थी; यूपी में 2 घंटे में 2 बदमाश ढेर

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर , यूपी में सुबह 2 घंटे के अंदर दो बदमाश एनकाउंटर में ढेर हो गए।पहला एनकाउंटर सुबह 3 बजे बुलंदशहर में हुआ।यहां पुलिस ने 50 हजार के इनामी डकैत जुबैर उर्फ पीटर को मुठभेड़ में गोली मारकर ढेर कर दिया। पुलिस ने 15 किलोमीटर तक बदमाश का पीछा किया और फिर मार गिराया। पति के एनकाउंटर की खबर मिलते ही पत्नी बानो जिला अस्पताल पहुंच गई। शव को देखते ही फूट-फूटकर रोने लगी। कहती रही- ये क्या हो गया। अब मैं कैसे जिउंगी। मेरे बच्चों का क्या होगा दूसरा एनकाउंटर बुलंदशहर से 200 किमी दूर सहारनपुर में सुबह 5 बजे हुआ। यहां एसटीएफ ने हिस्ट्रीशीटर सिराज को मार गिराया। उस पर एक लाख का इनाम था।सिराज ने करीब ढाई साल पहले सुल्तानपुर में सरेराह वकील आजाद अहमद की गोली मारकर हत्या की थी। सिराज




माफिया मुख्तार अंसारी के डी-68 गैंग का मेंबर था। 9 महीने पहले उसकी 4.66 करोड़ रुपए की संपत्ति जब्त हुई थी। सिराज के एनकाउंटर पर वकील आजाद अहमद के परिवार ने खुशी मनाई और मिठाई बांटी। आजाद के भाई मुनव्वर, पिता मोहम्मद सलीम ने सिराज के एनकाउंटर पर सीएम योगी, पुलिस विभाग और एसटीएफ को धन्यवाद दिया। परिवार ने कहा- आज हमें न्याय मिलने का अहसास हो रहा है। यूपी को सूचना मिली थी कि सहारनपुर के गंगोह में सिराज किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना मिलते ही एसटीएफ ने इलाके में घेराबंदी कर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान संदिग्ध बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उसने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एसटीएफकी गोली लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सिराज सुल्तानपुर का रहने वाला था। उस पर हत्या, लूट, डकैती समेत 30 मुकदमे दर्ज थे। सुल्तानपुर में वकील को गोली मारकर हत्या की थी 8 अगस्त 2023 की शाम सुल्तानपुर दीवानी न्यायालय में प्रैक्टिस करने वाले वकील आजाद अहमद की सरेराह गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस सनसनीखेज वारदात से पूरे जिले में हड़कंप मच गया था।

# पेड़ के नीचे दबकर किसान की मौत

- बुग्गी समेत नीचे दबा, खेत से लौट रहा था

अमन लेखनी समाचार

मेरठ ,हस्तिनापुर थाना क्षेत्र के पलड़ा गांव में सुबह एक दर्दनाक हादसे में किसान की जान चली गई। खेत से काम निपटाकर घर लौट रहे किसान की बुग्गी पर अचानक पेड़ गिर गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान पलड़ा गांव निवासी ऋषीपाल के रूप में हुई है। वह गांव से बहोडपुर जाने वाले रास्ते पर ठेके पर खेत लेकर खेती करता था। सुबह खेत में काम पूरा करने के बाद ऋषीपाल अपनी बुग्गी से घर लौट रहा था। जब वह चकरोड़ पर पहुंचा, तभी अचानक एक पेड़ उसकी बुग्गी पर आ गिरा। पेड़ के नीचे दबने से ऋषीपाल की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और हस्तिनापुर पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ऋषीपाल अपने पीछे तीन बेटियों और एक बेटे को छोड़ गया है। घटना के बाद से पूरे परिवार में कोहराम मचा हुआ है और गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।



# घना कोहरा:रात का तापमान 7.8 डिग्री

## 31 दिसंबर से सरकारी स्कूलों में 15 दिन का अवकाश

अमन लेखनी समाचार

गाजियाबाद, सुबह से घना कोहरा छाया है।9 बजे तक सूरज नहीं निकला है।रुक - रुककर सर्द हवाएं बह रही हैं। गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ है। लोग छुट्टी का दिन के कारण देर से घर से निकले।ठंड से बचने के लिए लोग आग तापते हुए दिखाई दिए। आज का न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि दिन में अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस पहुंचने की संभावना है। कक्षा 5 तक की सभी कक्षाएं ऑनलाइन गाजियाबाद में अदक रेड जोन में 317, नोएडा 422 अदक के साथ सबसे अधिक वायु प्रदूषित शहर है। दिल्ली का अदक 387 रहा। दिन में अधिकतम तापमान 23 डिग्री तक पहुंचने का अनुमान है। आज दिन में शीतलहर जैसा मौसम रहेगा। हवा की गति 7 किलोमीटर प्रति घंटा से है। गाजियाबाद में कक्षा 5 तक सभी कक्षाएं ऑनलाइन चल रही हैं। गाजियाबाद में बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए ग्रैप-4 लागू है। इसके तहत जिलाधिकारी रविंद्र मांडल के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्कूलों के संचालन को लेकर सख्त निर्देश हैं। जहां अगले आदेश तक प्री-नर्सरी, नर्सरी से कक्षा 5 तक की सभी कक्षाएं पूरी तरह ऑनलाइन मोड में संचालित की जाएंगी। वहीं कक्षा 6 से 9 और कक्षा



11 की पढ़ाई हाइब्रिड मोड में कराई जा रही है।31 से सरकारी स्कूलों में अवकाश31 दिसंबर से बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में शीतकालीन अवकाश रहेगा। इनमें कक्षा एक से 8 वीं तक के स्कूल शामिल है। इन दिनों में और भी कड़ाके की सर्दी पड़ने की संभावना है।

यह अवकाश 15 दिन का रहेगा। जिसके बाद मकर संक्रांति के बाद स्कूल ओपन होंगे।ग्रैप-4 लागू होने के साथ ही कई सख्त प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं। गाजियाबाद प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी अंकित सिंह ने बताया कि गाजियाबाद में ग्रेप -4 प्रभावी रूप से लागू कर दिया गया है। सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि नियमों का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराया जाए।

# भाकियू टिकैत की महापंचायत में पहुंचे राकेश टिकैत

## किसानों ने उप गन्ना आयुक्त मुदार्बाद के नारे लगाए, सड़क पर सपेरे से बजवाया बीन

अमन लेखनी समाचार

मेरठ , गन्ना भवन पर बीते 15 दिसंबर से भाकियू टिकैत का अनिश्चितकालीन धरना जारी है, जिसमें अभी तक किसानों की किसी भी मांग पर अधिकारियों ने सहमति नहीं जताई है। इसके बाद किसानों ने महापंचायत का ऐलान किया। रविवार को आसपास के जिले से किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर गन्ना भवन पहुंचने लगे हैं। इससे जाम की स्थिति बन गई है। वहीं किसानों ने सड़क पर ही सपेरे बुला लिया हैं। वो बीन बजा रहे हैं। महापंचायत के दौरान किसानों ने उप गन्ना आयुक्त मुदार्बाद और किसान एकता एक के नारे लगाए। इसके बाद रागिनी और डांस शुरू कर दिया है। महापंचायत में मेरठ , बागपत, हापुड़, बुलंदशहर, सहारनपुर, शामली और




मुजफ्फरनगर के करीब 2 हजार से अधिक किसान पहुंचे हैं। महापंचायत में पहुंचे भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा- 8 दिन से किसान यहां लेट रहा है। कुछ वेराइटी के गन्ने रिजेक्ट कर दिया। पहली बार हुआ है कि कागजों में भाव बढ़ा दिया और फिर भाव घटा दिया। सबसे बड़ी बात है कि जब रात में 2 बजे बुजुर्ग किसान ट्रैक्टर लेकर आता है और उससे कहा जाता है कि डेढ़ क्विंटल निकाल लो। किसानों के खेत में धर्मकांटा थोड़ी नहीं लगा है। पहले होता था कि ओवरलोड तौल जाता था वो आगे की पर्ची में एडजस्ट हो जाती थी। इन्ही समस्याओं पर बातचीत चल रही है। इस सरकार को धरने प्रदर्शन से डर थोड़ी नहीं लग रहा। ये सरकार ने देश की राजधानी को 13 महीने तक घिरवा कर रखा। पिछले तीन पेराई सत्रों से जिन नियमों के तहत गन्ना तौल क्रय केंद्रों पर खरीद हो रही थी, उसी व्यवस्था को इस सत्र में भी लागू किया जाए।भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि पहली बार ऐसा हुआ है जो सरकार ने मूल्य बढ़ाया है लेकिन अस्वीकृत प्रजाति में पहली साल से भी कम रेट दिया जा रहा है।किसानों को सदस्यता रद्द करने की बात पर उन्होंने कहा कि गन्ना विभाग के अधिकारी कुछ भी कर सकते हैं।

# जेवर-खुर्जा रोड पर सांड आपस में भिड़े

## सड़क पर लगा जाम, राहगीरों ने बनाया वीडियो

अमन लेखनी समाचार

ग्रेटर नोएडा ,जेवर-खुर्जा मुख्य मार्ग पर रात दो सांडों के बीच हुई भिड़ंत से यातायात बाधित हो गया। सड़क के बीचोंबीच सांडों की लड़ाई इतनी उग्र थी कि दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस घटना के कारण सड़क पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। कई वाहन चालक सांडों के अचानक सड़क पर आने से घबरा गए। कुछ लोगों ने अपने वाहन रोककर दूरी बना ली, जबकि कई वाहन जाम में फंसे रहे। स्थानीय निवासियों के अनुसार, मुख्य सड़क पर आवारा सांडों का आपस में



लड़ना अब एक आम समस्या बन गई है। ऐसी घटनाओं से वाहन चालकों की जान को खतरा रहता है। इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। काफी देर तक यातायात बाधित रहने के बाद, पास की एक दुकान के दुकानदार ने सांडों पर पानी डालकर उन्हें सड़क से हटाया। इसके बाद ही यातायात सामान्य हो सका। इस पूरी घटना का वीडियो एक राहगीर ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन के प्रति लोगों में नाराजगी बढ़ गई है।

# अधिवक्ता के खाते से 4.17 लाख रुपये निकले

## साइबर अपराधियों ने 17 सेकंड की कॉल में किया फ्रॉड

अमन लेखनी समाचार

बुलंदशहर , कोतवाली नगर क्षेत्र में एक अधिवक्ता साइबर धोखाधड़ी का शिकार हो गए। साइबर अपराधियों ने उनके बैंक खातों से 4 लाख 17 हजार रुपये निकाल लिए। पुलिस ने शिकायत के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। यह घटना कोतवाली नगर क्षेत्र के सराय गुंसाई में रहने वाले अधिवक्ता शुभम अग्रवाल के साथ हुई। पीड़ित ने बताया कि उन्हें टेलीग्राम पर एक कॉल आई थी, जिसमें ओटीपी मांगा गया। उन्होंने ओटीपी साझा नहीं किया, लेकिन मात्र 17 सेकंड की इस कॉल के दौरान उनका फोन हैक हो गया। उन्हें इसका जरा भी संदेह नहीं हुआ। यह धोखाधड़ी दोपहर 12 बजे से शाम 5.30 बजे के बीच हुई। अपराधियों ने शुभम अग्रवाल के एचडीएफसी बैंक, पीएनबी और एसबीआई के बचत खातों और क्रेडिट कार्ड से कुल 4 लाख 17 हजार रुपये निकाल लिए। उनका मोबाइल नंबर सभी खातों से जुड़ा हुआ है। शाम को जब शुभम अग्रवाल ने अपना मोबाइल देखा, तो उन्हें खाते से पैसे निकाले जाने के मैसेज मिले। उन्होंने तुरंत साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई और कोतवाली नगर थाने में आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी। पीड़ित की तहरीर पर बुलंदशहर पुलिस ने मामला दर्ज कर



जांच शुरू कर दी है। एसपी क्राइम नरेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और जल्द ही घटना का खुलासा कर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि पीड़ित का पैसा वापस दिलाने के प्रयास जारी हैं।

# जेवर-खुर्जा रोड पर सांड आपस में भिड़े

## सड़क पर लगा जाम, राहगीरों ने बनाया वीडियो

अमन लेखनी समाचार

जेवर , ग्रेटर नोएडा के जेवर-खुर्जा मुख्य मार्ग पर शनिवार रात दो सांडों के बीच हुई भिड़ंत से यातायात बाधित हो गया। सड़क के बीचोंबीच सांडों की लड़ाई इतनी उग्र थी कि दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस घटना के कारण सड़क पर आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। कई वाहन चालक सांडों के अचानक सड़क पर आने से घबरा गए। कुछ लोगों ने अपने वाहन रोककर दूरी बना ली, जबकि कई वाहन जाम में फंसे रहे स्थानीय निवासियों के अनुसार, मुख्य सड़क पर आवारा सांडों का आपस में लड़ना अब एक आम समस्या बन गई है। ऐसी घटनाओं से वाहन चालकों की जान को खतरा रहता है। इस संबंध में संबंधित विभाग के अधिकारियों से कई बार शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। काफी देर तक यातायात बाधित रहने के बाद, पास की एक दुकान के दुकानदार ने सांडों पर पानी डालकर उन्हें सड़क से हटाया। इसके बाद ही यातायात सामान्य हो सका। इस पूरी घटना का वीडियो एक राहगीर ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद प्रशासन के प्रति लोगों में नाराजगी बढ़ गई है। स्थानीय निवासियों ने आवारा पशुओं की समस्या के स्थायी समाधान की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे को टाला जा सके।



# किसान सम्मान दिवस पर उमड़ा जनसैलाब, मेधावी किसान हुए सम्मानित

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर बिलग्राम चुंगी स्थित कृषि केंद्र में 'किसान सम्मान दिवस' और 'मिलेट्स महोत्सव' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने किसानों से 'श्री अन्न' (मिलेट्स) की खेती अपनाकर आय और स्वास्थ्य सुधारने का आह्वान किया।जिलाधिकारी ने किसानों से फार्मर रजिस्ट्री कराने की अपील की ताकि योजनाओं का लाभ सीधा मिल सके। उन्होंने बागवानी से आय चार गुना बढ़ाने के गुर भी साझा किए। इस अवसर पर विभिन्न फसलों और पशुपालन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 119 किसानों को ब्लॉक व जनपद स्तर पर पुरस्कृत किया गया।

# दबंगों ने पिटाई कर 112 पुलिस के साथ की अभद्रता, युवक ने लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार

बघौली, हरदोई।थाना बघौली के अंतर्गत ग्राम पड़रिया निवासी कुलदीप ने थाने में दिए गए शिकायत में आरोप लगाया है कि सोमवार की शाम बघौली कस्बा से अपने घर जा रहा था तभी रास्ते में ग्राम लोहरताली निवासी विवेक हिमांशु शिवम नशे में गाली-गलौज करने लगे मना करने लात घूंसा मारने पीटने चिल्लाने शोर पर लोगों आता देख चले गए कुछ देर बाद गांव के बाहर रास्ते मे पकड़ लिया और मुर्गी छीनकर मार दिया मौका पाकर अपनी जान बचाकर भाग कर घर पहुँच कर आप बीती सुनाकर डायल 112 पुलिस को फोन कर सूचना दी मौके पर पहुची पुलिस के साथ भी अभद्रता की जिसके बाद डायल 112 बैरंग वापस लौट गई कुछ देर बाद पुलिस पूरे फोर्स के साथ मौके पर पहुंची लेकिन तब नशेड़ी भाग गए थे

# दिव्यांग व वृद्धजनों को मिले सहायक उपकरण

अमन लेखनी समाचार



मोहनलालगंज ।जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट की ओर से मोहनलालगंज क्षेत्र में 22 व 23 दिसंबर को आयोजित दो दिवसीय विशेष शिविर जरूरतमंद दिव्यांगजनों और वृद्धजनों के लिए राहत और उम्मीद की बड़ी पहल साबित हुआ शिविर के माध्यम से 350 से अधिक पात्र लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण प्रदान किए गए जिससे उनके दैनिक जीवन को आसान बनाने के साथ आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया जा सके ट्रस्ट की संस्थापिका एवं पूर्व प्रधान संध्या पाण्डेय ने बताया कि समाज के दिव्यांग और वृद्धजन एक महत्वपूर्ण कड़ी है जिनकी सहायता करना केवल सेवा नहीं बल्कि सामाजिक दायित्व भी ट्रस्ट का उद्देश्य ऐसे लोगों को सहारा देकर सम्मानजनक जीवन जीने के लिए सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि इस शिविर के माध्यम से व्हीलचेयर बैसाखी श्रवण यंत्र सहित अन्य आवश्यक सहायक उपकरण वितरित किए गए जिससे लाभार्थियों के चेहरों पर खुशी देखने को मिली ट्रस्ट के प्रबंधक डॉ. अजय पाण्डेय सत्यम ने कहा कि जननायक सुजीत पाण्डेय मेमोरियल ट्रस्ट सरकार और आमजन के बीच एक मजबूत सेतु के रूप में कार्य कर रहा है। यह पहल न केवल वर्तमान की जरूरतों को पूरा करती है, बल्कि भविष्य में सामाजिक समरसता और जनकल्याण की मजबूत नींव भी रखती है ।कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन कर रहे राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अवधेश कुमार ने कहा कि ट्रस्ट आगे भी ऐसे शिविरों के माध्यम से जरूरतमंदों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने और हर व्यक्ति को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य करता रहेगा। शिविर में भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। ट्रस्ट पदाधिकारियों द्वारा निगम के कर्मचारियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया और उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया ।इस अवसर पर शिवम् साहू, विपिन यादव, अतुल शर्मा सहित अनेक समाजसेवी, क्षेत्रीय नागरिक और ट्रस्ट से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर की सफलता से क्षेत्र में सकारात्मक संदेश गया और लोगों ने इस जनकल्याणकारी पहल की सराहना की।

# सपा कार्यालय पर मनाई गई पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती, गोष्ठी का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निदेर्शानुसार, मंगलवार को सपा जिला कार्यालय पर किसानों के मसीहा और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। जिलाध्यक्ष शराफत अली की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें सादर नमन किया।इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष शराफत अली ने कहा कि चौधरी साहब ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री रहते हुए सदैव किसानों के हितों को सर्वोपरि रखा। उन्होंने पटवारी प्रथा खत्म कर किसानों को न्याय दिलाया और नारा दिया था कि ₹किसान का एक पैर खेत की मेड़ पर और एक नजर दिल्ली की कुर्सी पर होनी चाहिए।₹कार्यक्रम में अजय सिंह पाल, अमित बाजपेई, राहुल गुप्ता, चंद्रशेखर पाल और राजाराम यादव सहित दर्जनों पदाधिकारियों ने उनके बताए पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया।

# ब्लू हैवन स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न




(कार्यक्रम में मौजूद रहे क्षेत्रीय विधायक व ब्लॉक प्रमुख)

अमन लेखनी समाचार

गोसाईगंज ।क्षेत्र के गांव मलौली में स्थित स्कूल ब्लू हेवन का 10 वां वार्षिकोत्सव मंगलवार को संपन्न हुआ। आयोजन में छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमो ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद ब्लाक प्रमुख विनय कुमार वर्मा डिम्पल ने विद्यालय के प्रबंधक व अध्यापकों की सराहना करते हुए छात्र छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की ।वहीं मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक अमरेश कुमार ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सभी छात्र छात्राओं से मन लगाकर पढ़ाई करने की बात कही। इस अवसर पर छात्र छात्राओं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए जिन्होंने दर्शकों का मन मोह लिया। आयोजन में भारतीय जनता पार्टी के मोहनलालगंज विधानसभा प्रभारी शम्भू नाथ पाण्डेय गुड्डू ,अर्जुनगंज मण्डल प्रभारी शिव कुमार रावत, विद्यालय के प्रबंधक गौरव श्रीवास्तव ,प्रधानाचार्य रिग्जन संडोल श्रीवास्तव ,प्रशासक दिनेश यादव सहित अन्य गणमान्य व अभिभावक मौजूद रहे।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार के खिलाफ हिंदू सुरक्षा सेवा संघ ने खोला मोर्चा, डीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों के विरुद्ध हो रही निरंतर हिंसा और अत्याचार की घटनाओं को लेकर स्थानीय सनातनी समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। इसी क्रम में हिंदू सुरक्षा सेवा संघ के पदाधिकारियों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और जिलाधिकारी अनुनय झा के माध्यम से भारत सरकार को संबोधित एक ज्ञापन सौंपा ।संगठन के जिलाध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव के नेतृत्व में सौंपे गए इस ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदुओं के घरों, मंदिरों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर हो रहे हमलों की कड़े शब्दों में निंदा की गई। जिलाध्यक्ष ने केंद्र की मोदी सरकार से पुरजोर मांग की है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इस मुद्दे को प्रभावी ढंग से उठाया जाए और वहां रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस एवं कठोर कदम उठाए जाएं ।इस विरोध प्रदर्शन के दौरान संगठन की एकता और सनातनी संकल्प की झलक देखने को मिली।

# यदि श्रीकृष्ण यदुवंशी हैं तो अखिलेश यादव श्रीकृष्ण जन्मभूमि को आजाद कराएं : संत समाज

अमन लेखनी समाचार

मथुरा। मंगलवार को संत समाज की बैठक राधानंद गिरी आश्रम ,वृंदावन में हुई जिसमें संत समाज की बैठक में फैसला हुआ कि कि यदि श्रीकृष्ण यदुवंशी हैं तो अखिलेश यादव को उनका जन्म स्थान आजाद करना चाहिए, श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर पर मुगल शासक औरंगजेब ने तोड़कर अवैध कब्जा कर लिया था, वह अवैध कब्जा एक सफेद बिल्डिंग के रूप में आज भी मौजूद है, जिसमें प्रत्येक शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोग नमाज अदा करते हैं और जो खाली जगह पड़ी थी उसमें मदन मोहन मालवीय, हनुमान पोद्दार और डालमिया जी ने एक मंदिर का नाम निर्माण किया जिसे श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर कहते हैं लेकिन असली मूल गर्भ ग्रह, जहां कृष्ण कन्हैया का जन्म हुआ था, वह आज भी ईदगाह मस्जिद कमेटी के अवैध कब्जे में है ।श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर केस के मुख्य याचिकाकर्ता दिनेश फलाहारी महाराज ने कहा कि यदि भगवान श्री कृष्ण का जन्म यदुवंशी परिवार में हुआ है तो उनका जन्म स्थान आजाद कराने का फर्ज भी अखिलेश यादव और यादव समाज को निभाना चाहिए, महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज ने कहा कि भगवान तो सभी के हैं लेकिन यदि यदुवंशी हैं तो यादव समाज को आगे आकर अपने भगवान का स्थान आजाद करना चाहिए, मधुसूदन दास जी महाराज का की भगवान तो अनेक रूपों में अवतरित हुए, आचार्य अंकित कृष्ण शास्त्री ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण यदु महाराज के यहां जन्मे थे और यदुवंशियों को अपना फर्ज निभाना चाहिए और श्री कृष्ण जन्म भूमि मंदिर को आजाद करना चाहिए। साध्वी मीरा किशोरी ने भी कहा कि भगवान श्री कृष्ण का जन्म यदुवंश समाज में हुआ था। बैठक में सैकड़ो की संख्या में साधु संत और भागवत प्रवक्ता मौजूद थे।

# ठाकुर बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट विधेयक को राज्यपाल ने दी स्वीकृति , गोस्वामीयो ने किया विरोध

अमन लेखनी समाचार

**यह विधेयक पहले ही विधानसभा और विधान परिषद से पारित हो चुका था।**



मथुरा/वृंदावन विधेयक को लेकर मंदिर के गोस्वामी और हाई पावर कमेटी के सदस्य दिनेश गोस्वामी ने कहा न्यास भविष्य के गर्त में है, जब तक मामला कोर्ट में है तब तक न्यास पावर में नहीं आ सकता। सरकार ने स्पष्ट किया है कि मंदिर की सदियों पुरानी धार्मिक परंपराओं और आस्थाओं को पूरी सुरक्षित रखा जाएगा। 6 अगस्त को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने बांके बिहारी मंदिर के प्रबंधन के लिए वैधानिक ट्रस्ट बनाए जाने संबंधित अध्यादेश पर कड़ी टिप्पणी की थी

## क्या है नया कानून .....

बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट विधायक 2025 आने के बाद नए कानून में कहा गया है कि ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में चलने वाला चढ़ावा दान चल अचल संपत्ति या न्यास के अधिकार क्षेत्र में होगी। इसमें मंदिर में विराजमान विग्रह मंदिर परिसर और परिक्रमा क्षेत्र में देवताओं को अर्पित सभी प्रकार की भेंट नगद या वस्तु के रूप में दिया गया दान पूजा पाठ उत्सव धार्मिक अनुष्ठानों के लिए दी गई संपत्ति और डाकिया तार के माध्यम से भेजे गए बैंक ड्राफ्ट और चेक भी शामिल होंगे।

## आने वाले श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

बांके बिहारी मंदिर ट्रस्ट विधायक 2025 पर उत्तर प्रदेश सरकार का कहना है कि न्यास का गठन स्वामी हरिदास जी की परंपरा को आगे बढ़ाने के उद्देश्य किया गया है। उनके समय से चली आ रही धार्मिक रीति रिवाज पर उत्सव और अनुष्ठान बिना किसी हस्तक्षेप के जारी रहेंगे। न्यासा गठन के बाद मंदिर परिसर में भक्तों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुविधाएं उपलब्ध कराने की योजना बनाई गई है। इसमें प्रसाद वितरण की बेहतर व्यवस्था वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों के लिए अलग दर्शन मार्ग पेयजल बैठने के लिए बेंच प्रवेश और कतर प्रबंधन के लिए। गौशाला अन्य क्षेत्र रसोई होटल सराय प्रदर्शनी कच्छ भोजनालय प्रतीक्षालय जैसी सुविधाओं का भी विकास में शामिल होंगे इस विधेयक का विरोध करते हुए गोस्वामी समाज की महिलाओं ने जमकर नारेबाजी की

# नलकूप विभाग पार्ट-2: मुर्दे ने किए दस्तखत, अब 'ज़िंदा' पति को धमका रहे साहब!

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। नलकूप विभाग के जूनियर इंजीनियर (जेई) सोनू यादव की कारस्तानी ने अब फिल्मी 'हॉरर-कॉमेडी' का रूप ले लिया है। जिस मामले में मृतका शिवानी सिंह के अंगूठे और दस्तखत ने फाइल पर 'क्लीन चिट' दी थी, अब उसी मामले में नया मोड़ यह है कि आरोपी साहब अब खुद को बचाने के लिए 'शोक संतप्त' परिवार के पीछे हाथ धोकर पड़ गए हैं ।इंसानियत को शर्मसार करने वाली बात यह है कि जहाँ पीड़ित रणंजय सिंह अपने बीमार बेटे को गोद में लेकर मेडिकल कॉलेज हरदोई के चक्कर काट रहे हैं, वहीं आरोपी जेई सोनू यादव उनके फोन की घंटी बजाकर 'सुलह' का दबाव बना रहे हैं। आरोप है कि जेई साहब लगातार रणंजय को फोन कर रहे हैं और कह रहे हैं कि ₹जब पत्नी चली गई, तो अब मिट्टी क्यों खोद रहे हो मामला रफा-दफा करो ।₹हैरानी की बात यह है कि पूरा शहर इस 'भूतिया हस्ताक्षर' की चर्चा कर रहा है, लेकिन विभाग के अधिशासी अभियंता को इसकी भनक तक नहीं है। जब उनसे इस 'अजब' कारनामे पर सवाल पूछा गया, तो उन्होंने बड़े ही इत्मीनान से जवाब दिया– ₹अभी बाहर हूँ, घटना की जानकारी नही है देखकर बताऊंगा।₹ साहब का यह टालमटोल वाला रवैया बताता है कि विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ें कितनी गहरी हैं ।प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती एक मृत महिला के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर सरकारी जांच को ठेंगा दिखाना सीधे तौर पर आईपीसी की गंभीर धाराओं का उल्लंघन है। सवाल यह उठता है कि क्या हरदोई प्रशासन एक ऐसे अधिकारी पर कार्रवाई करेगा जिसने न केवल बेशकीमती शीशम के पेड़ बेचे, बल्कि कानून की आंखों में धूल झोंकने के लिए एक मृत आत्मा तक को नहीं बख्शारणंजय सिंह का कहना है कि वे पीछे नहीं हटेंगे। अब देखना यह है कि जिलाधिकारी इस 'जालसाज' इंजीनियर के खिलाफ क्या कड़ा रुख अपनाते हैं, या फिर यह फाइल भी विभाग की अलमारियों में धूल फांकती रह जाएगी।

# रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज में वार्षिकोत्सव की धूम, प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया दम

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। स्थानीय रफी अहमद किदवई इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि, पूर्व जिलाधिकारी ए.के. सिंह राठौर ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथियों का स्वागत प्रबंधक सुयश वाजपेयी और प्रधानाचार्य डॉ. अमित कुमार वर्मा ने किया ।मुख्य अतिथि ए.के. सिंह राठौर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान प्राप्त करना नहीं, बल्कि व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास होना चाहिए। उन्होंने संस्कारयुक्त शिक्षा पर बल देते हुए कहा कि प्रतियोगिताओं में हार-जीत से कहीं अधिक महत्वपूर्ण उसमें प्रतिभाग करना होता है ।दूसरे दिन अंत्याक्षरी, सुलेख, चित्रकला और कुर्सी दौड़ जैसी स्पर्धाएं आकर्षण का केंद्र रहीं तुलसी टोली प्रथम, सूर टोली द्वितीय और कबीर टोली तृतीय रही ।हिंदी में जितिन और अंग्रेजी में सूर्यांश ने बाजी मारी सीनियर वर्ग में रजतमणि और जूनियर वर्ग में सूर्यांश प्रथम रहे ।आशू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वार्षिकोत्सव के दौरान अतुल अग्रवाल ने एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने बताया कि विद्यालय में सह-शैक्षिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 'श्री मनोज अग्रवाल स्मृति छात्रवृत्ति' शुरू की गई है। यह छात्रवृत्ति कक्षा 6 से 12 तक के प्रत्येक कक्षा के एक मेधावी छात्र को प्रतिवर्ष दी जाएगी ।कार्यक्रम का संचालन डॉ. देशदीपक शुक्ल ने किया। वार्षिकोत्सव का समापन बुधवार को भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ किया।

# सुशासन सप्ताह पर कार्यशाला आयोजित, 'प्रशासन गाँव की ओर' के नवाचारों की सराहना

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। सुशासन सप्ताह के उपलक्ष्य में आज स्वामी विवेकानंद सभागार में एक भव्य कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त आईएएस और पूर्व जिलाधिकारी ए.के. सिंह राठौर ने की। जिलाधिकारी अनुनय झा और मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने मुख्य अतिथि का स्वागत कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया ।जिलाधिकारी अनुनय झा ने 'प्रशासन गाँव की ओर' अभियान के तहत किए गए नवाचारों का विवरण साझा किया। उन्होंने बताया कि जनता दर्शन के माध्यम से 1184 लाभार्थियों को सीधे लाभान्वित किया गया। साथ ही, 12,135 जन्म प्रमाण पत्र, 12,196 आधार कार्ड, 164 मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र और 190 खेल मैदानों का निर्माण कर विकास को नई गति दी गई है। ग्रामीण जल संरक्षण की दिशा में 1751 कुओं का जीर्णोद्धार एक बड़ी उपलब्धि रही ।मुख्य अतिथि ए.के. सिंह राठौर ने प्रशासन के प्रयासों की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि तकनीकी अभाव के बावजूद उपेक्षित ग्रामीणों तक योजनाओं का पहुँचना ही वास्तविक सुशासन है। अंत में सीडीओ सान्या छाबड़ा ने विकास कार्यों पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शित की। इस अवसर पर एडीएम प्रियंका सिंह, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने मरीजों को फल किये वितरित

अमन लेखनी समाचार

हरपालपुर, हरदोई ।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर भारतीय जनता पार्टी के सवायजपुर के विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा जिला कार्य सीमित के सदस्य अभिराम सिंह के नेतृत्व मे तमाम भाजपा कार्यकताओं ने प्रसूता महिलाओं समेत तमाम मरीजों को फल वितरण किया गया है। प्रधान संघ अध्यक्ष भारती सिंह भूरा ने कहा है कि क्षेत्र के तमाम विकास कार्य विधायक ने कराए हैं जिससे उन्हें विकास पुरुष के रूप में जाना जाता है अर्जुनपुर पुल की मांग कई दशकों से चली आ रही थी विधायक ने जनता की समस्या को देखते हुए अर्जुनपुर पुल की मांग को पूरा कराया है जिससे जनता को सीधा लाभ मिलेगा इस मौके पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आनंद पांडेय पुष्पेंद्र सिंह अजय शुक्ला मनोज राठौर विकास श्रीवास्तव सोनू राजपूत आदि लोग मौके पर मौजूद रहे।

# प्रेक्षा ग्रह मे आयोजित हुई बेसिक शिक्षा विभाग की बैठक

**अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी ने दिए कड़े दिशा निर्देश**

अमन लेखनी समाचार




जनपद की प्रेक्षा ग्रह प्रांगण अंतर्गत बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु जनपद स्तरीय बैठक आयोजित की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी रवींद्र सिंह द्वारा की गई जहां बैठक में मौजूद जिलाधिकारी ने परिषदीय विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प समेत अन्य बिंदुओं पर गहन वातार्लाप किया वहीं कड़े दिशा निर्देश देते हुए बताया कि परिषदीय विद्यालयों में जिन पैरामीटरों का कार्य शेष है उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाए विद्यालयों के जर्जर भवन की नीलामी प्रक्रिया संपन्न हो चुकी है तो भवन का ध्वस्तीकरण जल्द ही सुनिश्चित किया जाए वहीं जिलाधिकारी ने पीएम श्री के तहत चयनित विद्यालयों में भी चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने के लिए दिशा निर्देश दिया जिलाधिकारी ने संबंधित खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश देते हुए बताया कि इस कार्य में तेजी लाई जाए तथा फोटो के साथ प्रगति आख्या अवगत कराई जाए इसी प्रकार जिला अधिकारी ने निपुण भारत मिशन पर विशेष चर्चा करते हुए कार्यक्रम में मौजूद बेसिक शिक्षा अधिकारी को सूचित किया कि आरटीआई के तहत गरीब बच्चों को गैर सरकारी विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा मिल सके जिसके लिए संबंधित योजना का व्यापक प्रचार प्रसार विभाग द्वारा कराया जाए वही सभी विद्यालयों की शिक्षा की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस नौशीन जिला कार्यक्रम अधिकारी बेसिक शिक्षा अधिकारी समेत सभी खंड विकास अधिकारी तथा खंड शिक्षा अधिकारी आदि मौजूद रहे

# भगवद्प्राप्ति ही जीव का एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए : महामंडलेश्वर स्वामी भास्करानंद महाराज

अमन लेखनी समाचार



वृन्दावन। छटीकरा रोड़ स्थित श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आश्रम में चल रहे सप्त दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव में व्यासपीठ पर आसीन अखण्ड दया धाम के संस्थापक महामंडलेश्वर आचार्य स्वामी भास्करानंद महाराज ने अपनी सुमधुर वाणी में देश-विदेश से आए सभी भक्तों-श्रृद्धालुओं को श्रीमद्भागवत महापुराण की अमृतमयी कथा श्रवण कराते हुए कहा कि हमें अपने आराध्य के प्रति दृढ़ विश्वास और अटूट श्रद्धा रखनी चाहिए ।तभी हम प्रभु की साधना करके उनको प्राप्त कर सकते हैं ।व्यक्ति के हृदय में श्रद्धा और विश्वास की कमी ही भगवद साधना में रुकावट उत्पन्न करती है ।इसके लिए संत समागम और हरिकथा ही सर्वोत्तम उपाय है। पूज्य महाराजश्री ने कहा कि भगवद्प्राप्ति ही जीव का एकमात्र लक्ष्य होना चाहिए ।इसके लिए हमारे ऋषियों-मुनियों ने अनेकों साधन बताये हैं ।हमारे धर्म ग्रंथों में नौ प्रकार की भक्ति का वर्णन किया है ।जिन्हें नवधा भक्ति भी कहा जाता है ।जिनमें श्रवण, कीर्तन, स्मरण, चरण सेवा (पाद सेवन), अर्चन, वंदन, दास्य, सख्य एवं आत्म निवेदन। इन नौ भक्तियों के द्वारा भक्त परमात्मा को प्राप्त कर लेता है ।लेकिन गोपियों द्वारा उद्धवजी को बताई गई प्रेमा भक्ति ही संसार में भगवत प्राप्ति का सर्वश्रेष्ठ साधन है ।जिसके द्वारा भक्त को शीघ्र ही प्रभु की प्राप्ति हो जाती है। इस अवसर पर साध्वी कृष्णानंद महाराज, प्रख्यात साहित्यकार यूपी रत्न डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, मुख्य यजमान पूरनमल मोहनलाल गांधी (रायपुर, छत्तीसगढ़), डॉ. राधाकांत शर्मा आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# भाजपा की संगठनात्मक बैठक में पीएम मोदी की लखनऊ रैली की तैयारियों पर चर्चा

अमन लेखनी समाचार

हरदोई/मल्लावां: मल्लावां के सेलिब्रेशन गेस्ट हाउस में भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह की उपस्थिति में महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन और विधायक आशीष सिंह ने की धर्मपाल सिंह ने 25 दिसंबर को लखनऊ में होने वाली पीएम मोदी की विशाल रैली की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी 'राष्ट्र प्रेरणा स्थल' को जनता को समर्पित करेंगे, जो आत्मनिर्भर भारत और राष्ट्रीय एकता का प्रतीक बनेगा। वीर बाल दिवस: संगठन महामंत्री ने निर्देश दिए कि विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के जरिए युवाओं को साहिबजादों के बलिदान और भारतीय गौरवशाली इतिहास से अवगत कराया जाए। बैठक में एसआईआर अभियान की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया ।प्रदेश महामंत्री संजय राय और जिला प्रभारी शंकर लाल लोधी ने राष्ट्र प्रेरणा स्थल की महत्ता बताते हुए इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए वैचारिक केंद्र बताया। विधायक आशीष सिंह ने संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई ।बैठक का संचालन महामंत्री सत्येंद्र राजपूत ने किया। इस अवसर पर भारी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, ब्लॉक प्रमुख और मंडल अध्यक्ष मौजूद रहे, जिन्होंने इस ऐतिहासिक रैली को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# भ्रष्टाचार और अवैध कब्जे के खिलाफ भाकियू (इंडिया) का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन, 10 दिन का अल्टीमेटम

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। भ्रष्टाचार, प्रशासनिक लापरवाही और अवैध कब्जों के विरोध में मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन (इंडिया) ने कलेक्ट्रेट परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मुनेन्द्र पहलवान के निर्देशन और महिला जिलाध्यक्ष रेखा दीक्षित के नेतृत्व में किसानों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपकर सख्त कार्रवाई की मांग की ।यूनियन ने मुख्य रूप से सण्डीला तहसील के ग्राम कल्याणमल का मुद्दा उठाया। आरोप है कि क्षेत्रीय लेखपाल ईश्वर दीन ने पद का दुरुपयोग करते हुए अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर आबादी की भूमि पर अवैध कब्जा किया है। संगठन ने लेखपाल पर कार्रवाई और अतिक्रमण हटाने की मांग की है। साथ ही, कल्याणमल ग्राम पंचायत में वर्ष 2020 से प्रधान और सचिव द्वारा किए गए कार्यों में व्यापक वित्तीय अनियमितताओं की जांच और गौशाला की बदहाल स्थिति को सुधारने की भी मांग उठाई। ज्ञापन में अहिरोरी के ग्राम बोनीखेड़ा में एक आवास ध्वस्तीकरण का मामला और कोथावां ब्लॉक में बोरिंग कार्यों की जांच का मुद्दा भी शामिल रहा। भाकियू (इंडिया) ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि 10 दिनों के भीतर इन समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो संगठन संयुक्त मोर्चे के साथ मिलकर बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



आज समाज, परिवार में प्रेम-करुणा के भाव लुप्त हो रहे हैं, लोग दुख-संताप का जीवन जी रहे हैं, ऐसे में प्रभु यीशु के संदेश बहुत मायने रखते हैं। उन्होंने सभी को एक-दूसरे से प्रेम करने का संदेश दिया ताकि समाज में मानवीय भाव बना रहे। क्रिसमस, यीशु के जन्मोत्सव और उनके दिव्य संदेशों को आत्मसात करने का ही पर्व है।

# प्रभु ईसा मसीह का संदेश बना रहे प्रेम-करुणा का भाव

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

सबका भला चाहने की सरोकारी सोच ही सच्ची संवेदनाओं को पोसती है। क्रिसमस का पर्व ईसा मसीह के ऐसे ही भावपूर्ण संदेशों की याद दिलाता है। यह त्योहार अपनों से लेकर आस-पड़ोस तक, हर जगह करुणा, प्रेम और सकारात्मक जीवन जीने की राह दिखाता है। बिखरते परिवारों और उलझाऊ होती सामाजिक जिंदगी के इस दौर में साथ, संवेदनाएं और सहानुभूति के इमोशंस हर जगह जरूरी हैं। इन भावनाओं का आधार ना केवल बेहतर ढंग से जीने की बुनियाद बनता है बल्कि जीवन की सार्थकता भी समझाता है। यही वजह है कि प्रभु यीशु के विचार, भाव और सुझाव सबके जीवन को सहज बनाने का मार्ग दिखाते हैं।

## सेवा-सम्मान की सोच

हमारी सामाजिक-पारिवारिक व्यवस्था आपसी समझ और एक-दूजे की सेवा-सहायता के बिना नहीं चल सकती। ना ही सम्मानजनक परिवेश बनाए बिना स्थितियां सहज रह सकती हैं। ऐसे में प्रभु यीशु के विचार सदा प्रासंगिक हैं। खासकर सेवा और सम्मान का आधार बनाने वाला दया का भाव, उनकी दी हर सीख में शामिल है। करुणा का यह भाव ही इंसानों को सेवाभावी बनाता है। अपनों ही नहीं, परायों की भी पीड़ा समझने और उसे दूर करने में मदद करने की संवेदनाएं जगाता है। प्रभु यीशु का संदेश 'भला उस आदमी का क्या लाभ, यदि वह पूरी दुनिया पा जाए और अपनी आत्मा को खो दे।' सभी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। खुद को सहेजते हुए आगे बढ़ना, स्वयं से जुड़कर दूसरों का साथ पाना और खुद की संभाल करते हुए सबका संबल बनना ही तो मानवीय सोच का सबसे सुंदर पहलू है। यही सोच परिवार से लेकर समाज तक, हर जगह सेवाभाव को बढ़ावा देती है। इसी विचार से अपने देश के नागरिकों के साथ अपनेपन भरे जुड़ाव को बल मिलता है। असल में देखा जाए तो सेवाभाव हमें प्रकृति के हर जीव से जोड़ता है। मदद का मानस हो तो हर इंसान छोटी-छोटी सहायता के रूप में कुछ ना कुछ करने की राह निकाल ही लेता है। दूसरों की सेवा करते हुए इंसान स्वयं अपने आप को भी संवार रहा होता है। सच्ची करुणा के साथ किया गया हर काम और बोला गया हर शब्द सहज रूप से हमारे मन-जीवन में भी सकारात्मकता को पोसता है। प्रभु यीशु ने भी सदा गरीब और कमजोर लोगों के लिए करुणा और सहायता का भाव रखा। हम सभी को ईसा मसीह की इस सीख को याद रखना चाहिए, जीवन में अपनाना चाहिए।





## न्यायसंगत व्यवस्था का समर्थन

ईसा मसीह मानवीय मूल्यों को सहेजने के पक्षधर थे। उनकी शिक्षाओं में सभी के लिए न्यायसंगत व्यवस्था बनाने को अहमियत दी गई है। इसके लिए उन्होंने सभी को नैतिक रूप से सबल बनने की सीख दी। असल में नैतिक व्यवहार ही जिंदगी के हर मोर्चे पर न्याय की स्थापना कर सकता है। नैतिकता का भाव सिखाता है कि स्वार्थ साधने के बजाय दूसरों की तकलीफों को समझा जाए। हर हाल में किसी के लिए मदद का हाथ आगे बढ़ाया जाए। यीशु का यह भी कहना था कि 'जैसा व्यवहार तुम लोगों से चाहते हो वैसा व्यवहार उनसे करो।' यह विचार सचमुच महत्वपूर्ण है। किसी एक व्यक्ति का अच्छा व्यवहार किसी दूसरे इंसान के नकारात्मक व्यवहार को भी बदलने की ताकत रखता है। यही पॉजिटिविटी रिश्तों को भी साधने का काम करती है। इसीलिए स्वयं अपने बर्ताव के नेगेटिव रुख को समझना भी आवश्यक है। यीशु का यही कहना है कि यह सकारात्मक बदलाव खुद हमारी ओर से हो। यानी, जैसा व्यवहार हम औरों से चाहते हैं, वैसा ही व्यवहार हम खुद भी दूसरों के लिए अपनाएं।

## आत्मीयता भरा जुड़ाव

प्रभु यीशु मन से इंसानी भावों को पोसने का संदेश देते हैं। जीवन को सरल बनाने वाले उनके विचार आज के समय में और जरूरी हो चले हैं। हर ओर दिखती स्वार्थपरक सोच और फरेब के खेल में निश्छलता कहीं खो गई है। अपनों के साथ भी जालसाजी की घटनाएं हो रही हैं। सगे-संबंधियों में भी आत्मीयता नहीं बची है। आस-पड़ोस का मेलजोल छीजता दिखता है। कहीं जान-बूझकर तो कहीं अनजाने में दूसरों को पीड़ा पहुंचाई जा रही है। जबकि ईसा मसीह का संदेश 'तुम्हें अपने पड़ोसी से भी स्वयं जैसा ही प्रेम करना चाहिए।' आज की बिखरती सामाजिक व्यवस्था में यह बहुत आवश्यक सूत्र सा लगता है। आस-पड़ोस के लोगों से प्रेम करना हमें एक-दूजे के सुख-दुःख में भागीदार बनाता है। साथ और सुरक्षा का भरोसा जगाता है। जाने-अनजाने कोई भूल हो जाने पर उसे सुधारने का भाव इस आपसी विश्वास को और पुख्ता बना सकता है। यीशु ने भी गलती हो जाने पर पश्चाताप करने का मार्ग सुझाया है। उनका कहना था 'जो गलत हुआ है, उसे स्वीकारें और फिर गलत से हमेशा के लिए दूर रहें।' यह स्वीकार्यता और सकारात्मक सोच ही हमारे मन में प्रेम भाव को कायम रख सकती है।

# क्रिसमस के लिए होम डेकोर आइडियाज

अगर आप क्रिसमस पार्टी प्लान कर रही हैं तो जरूर चाहेंगी कि इस मौके पर आपके घर के डेकोरेशन में भी इस फेस्टिवल की फील आए। हम आपको कुछ ऐसे ईजी और यूनीक आइडियाज बता रहे हैं, जिनसे आपका होम डेकोर हो जाएगा, क्रिसमस पार्टी के लिए रेडी।

डेकोरेशन

निकिता चौहान



हर फेस्टिवल के हिसाब से घर को सजाना एक आर्ट होता है। जरूरी नहीं कि इसके लिए काफी पैसे खर्च किए जाएं, कुछ आइडियाज से आप अपने घर को क्रिसमस पार्टी के लिए डेकोरेट कर सकती हैं।

**फेयरी लाइट्स लगाएं:** घर में क्रिसमस का फील लाने के लिए सबसे पहले आप अच्छी लाइटिंग करें। क्रिसमस डेकोरेशन को ब्राइट टच देने के लिए आप फेयरी लाइटिंग करवा सकती हैं। इसे आप अपने घर के लिविंग रूम, ड्राइंग रूम और बेडरूम हर जगह लगा सकती हैं। फेयरी लाइट्स में आपको मार्केट में कई तरीके के स्टाइल्स और डिजाइंस मिल जाएंगे। लेकिन क्रिसमस के मौके के अनुसार आप स्टार्स वाली लाइटिंग लगवाएं तो ज्यादा सुटेबल रहेगा।

**क्रिसमस ट्री:** क्रिसमस ट्री के बिना क्रिसमस डेकोरेशन पूरा नहीं हो सकता है। इसलिए आप घर के किसी एक कोने में क्रिसमस ट्री को सजा सकती हैं। सबसे अच्छा तो यह होगा कि इसे आप पार्टी वाले हॉल या टेरेस में एक कोने पर रखें। इस क्रिसमस ट्री को डिजाइनर लाइट्स के अलावा ब्राइट बॉल्स, डॉल्स, स्टार्स, ब्राइट पेपर, स्ट्रिप्स जैसी डिफरेंट डेकोरेटिव चीजों से डेकोरेट कर सकती हैं। इससे यह और भी अट्रैक्टिव लगेगा। क्रिसमस ट्री, आपके क्रिसमस डेकोरेशन का सेंटर ऑफ अट्रैक्शन बन सकता है।



**सॉक्स को हैंग करें:** क्रिसमस के मौके पर डेकोरेशन में सॉक्स को लटकाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि क्रिसमस के दिन अगर सॉक्स के अंदर अपनी विश लिखकर लटका दी जाए तो सांता क्लॉज इन्हें देखकर आपकी विश जरूर पूरा करते हैं। ऐसे में आप अपने होम डेकोर में रेड कलर के सांता क्लॉज वाली सॉक्स लटका सकती हैं। आपको सांता क्लॉज वाले रेड कोजी सॉक्स आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। आप इसे घर की सीढ़िया की दीवार पर या बालकनी के बैकग्राउंड स्पेस में कहीं भी लगा सकती हैं।

**पिलो-कुशन कवर:** क्रिसमस डे के लिए घर को डेकोरेट करते समय आप क्रिसमस इंस्पायार्ड पिलो कवर और कुशन कवर्स का भी इस्तेमाल कर सकती हैं। क्रिसमस थीम वाले कवर चुनना सबसे सही रहेगा, जैसे कि लाल और सफेद रंग में बने बारहसिंगे की प्रिंटिंग वाले या देवदार के शंकु आदि के चित्र वाले कवर पिलो और कुशन पर लगा सकती हैं। इनसे आपके घर को कंप्लीट क्रिसमस लुक मिलेगा।

**थीम बेस्ड कैंडल:** क्रिसमस के मौके पर कैंडल डेकोरेशन का भी काफी ट्रेंड है। होम डेकोर के लिए आप क्रिसमस थीम बेस्ड कैंडल ले सकती हैं। ये आपको आसानी से ओपेन मार्केट और ऑनलाइन मिल जाएंगी। आप इन्हें डाइनिंग टेबल, बेडरूम, लिविंग रूम और स्पेशली पार्टी हॉल में अरेंज कर सकती हैं।



**इन कलर्स का ध्यान रखें:** क्रिसमस डेकोरेशन करते समय कलर्स का चयन खूब सोचकर करना चाहिए। जब भी आप घर को सजाएं तो लाल, सफेद और हरे रंग के कलर का इस्तेमाल जरूर करें। इन कलर्स की डेकोरेशन की बड़ी चीजें ही नहीं छोटी चीजों में भी इन्हीं कलर का इस्तेमाल करने से आपका डेकोरेशन आसानी से क्रिसमस के लिए परफेक्ट हो जाएगा।

इस तरह आपका घर क्रिसमस पार्टी के लिए हो जाएगा पूरी तरह डेकोरेट।

बच्चे और आप

नम्रता नदीम

दादा-दादी को बच्चों का साथ सुहाता तो है ही, बच्चों को भी उनका साथ खूब भाता है। बच्चों को उनका एक भावनात्मक संबल मिलता है, दादा-दादी का भी उनके साथ बहुत अच्छा समय बीतता है। साथ ही बच्चों को अपने दादा-दादी से अच्छी शिक्षा मिलती है, वे संस्कारवान बनते हैं।

# दादा-दादी और बच्चे खूब भाता है एक-दूसरे का साथ



पंद्रह साल का विशाल अपने दादा-दादी के साथ बहुत खुश रहता है। जब उसे हॉस्टल भेजा जाने लगा तो उसने अपने मम्मी-पापा से साफ कह दिया कि वह दादा-दादी के बिना हॉस्टल नहीं जाएगा, क्योंकि हॉस्टल में उसे दादा-दादी की बहुत ज्यादा याद आएगी। अंततः हारकर विशाल के मम्मी-पापा ने उसे घर में रहकर पढ़ाना तय किया ताकि वह अपने दादा-दादी के साथ रह सके। इसी तरह एक और उदाहरण, रिटायर्ड सरकारी कर्मचारी रघुवीर कुमार का अपनी पोती से बहुत ही भावनात्मक रिश्ता है। वह कहते हैं, 'जब मैं एक-दो महीने उसके पास रहकर आता हूं, तो लौटने के बाद मुझे अपनी पोती की बहुत याद आती है। बार-बार यही मन होता है कि फिर से उसके पास चला जाऊं।' यही वजह है रघुवीर दो-तीन दिन में अपनी पोती से फोन पर जरूर बात करते हैं। अगर कभी वह फोन नहीं कर पाते तो उनकी पोती का ही फोन आ जाता है।



**दादा-दादी से बच्चों का गहरा भावनात्मक रिश्ता:** ऊपर दिए दोनों उदाहरण इस बात की पुष्टि करते हैं कि हमारा घर-परिवार दादा-दादी के बिना कभी भावनात्मक रूप से पूर्ण नहीं होता, क्योंकि उनकी कमी हमेशा खटकती है। लेकिन जॉब की मजबूरियों के चलते हाल के दशकों में संयुक्त परिवार बहुत तेजी से विघटित हुए हैं। दादी-दादा को अपने बेटों के परिवार से दूर रहना पड़ता है। इस अलगाव के बावजूद दादा-दादियों और पोते-पोतियों के बीच लगाव बना रहता है। यही वजह है कि अकसर बच्चे अपने दादा-दादी से मिलने की इच्छा रखते हैं। साठ वर्षीया रामकुमारी भावुक स्वर में कहती हैं, 'भले ही मेरे बेटे और पोता-पोती मुझसे दूर रहते हैं, लेकिन दूरी से मेरी ममता में कोई कमी नहीं आई है बल्कि यह बढ़ गई है। मुझे जब भी मौका मिलता है, मैं अपने पोते और पोती को देखने चली जाती हूं। वे दोनों मुझे पाकर बहुत खुश होते हैं। जिन दिनों मैं उनके साथ रहती हूं, उन दिनों वे अपनी मम्मी-पापा से कहीं ज्यादा मेरे साथ समय बिताते हैं। इससे मेरा पूरा दिन कैसे कट जाता है, पता ही नहीं चलता।' जिन घरों में बच्चे, दादा-दादी के साथ रहते हैं, वहां ज्यादातर दादा-दादी बच्चों पर पूरा ध्यान रखते हैं। दिनभर बच्चों के साथ रहना, उन्हें कहानियां सुनाना, उन्हें बाजार ले जाना जैसे तमाम काम वे बच्चों के साथ मिल-जुलकर करते हैं। दादी-दादा बच्चों के साथ एकदम बच्चे बन जाते हैं। वे उनके साथ घुल-मिलकर खेलते हैं। इससे दोनों के बीच में भावनात्मक लगाव बढ़ता है। कुछ दादा-दादी बच्चों के खेलने-कूदने के साथ ही उन्हें अच्छे उपहार भी देते हैं। इससे उन्हें खुशी मिलती है और बच्चे भी बहुत खुश होते हैं।

**बुजुर्ग हैं बच्चों के भावनात्मक संबल:** बारह साल की अनुष्का के दादा-दादी नहीं हैं। उसे अपने नाना-नानी से बेहद प्यार है। उसकी नानी कुछ दिन आकर जब उनके साथ रहती हैं, तो उसे उन दिनों बहुत अच्छा लगता है। क्योंकि नानी उस पर अपना पूरा प्यार बरसाती हैं। उसे कई उपहार भी देती हैं। अनुष्का को दादा-दादी के बारे में ज्यादा कुछ याद नहीं है, लेकिन उसकी नानी से उसका गहरा लगाव है। आठ साल की मानसी की तो जान ही अपने दादा-दादी में बसती है। उसके दादा उसके साथ हर खेल खेलते हैं। वे उसे पढ़ाते हैं। आजकल वर्किंग कपल्स के पास इतना समय कहां होता है कि वे अपने बच्चों को ज्यादा समय दे सकें, उनके साथ भरपूर समय बिता सकें। ऐसे में बच्चों के लिए दादा-दादी उनके लिए एक बड़ा भावनात्मक संबल होते हैं।

# फॉलो करें ये मेकअप स्टेप्स मिलेगा ग्लैमरस पार्टी लुक

मेकअप

सरिता गुप्ता

जब मौका हो क्रिसमस पार्टी में शामिल होने का तो आप जरूर चाहेंगी कि आपका मेकअप लुक भी ग्लैमरस नजर आए। यहां आपको पार्टी स्पेशल मेकअप स्टेप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें फॉलो करके आप मिनटों में ग्लैमरस पार्टी लुक पा सकती हैं।

**स्किन को तैयार करें:** सबसे पहले हल्के फेसवॉश से चेहरा साफ करें, ताकि सारी धूल और ऑयल हट जाए। इसके बाद टोनर लगाकर स्किन को रीफ्रेश करें। अब मॉयश्चराइजर लगाएं, जिससे स्किन में नमी बनी रहे। अगर आपकी स्किन ड्राय है, तो हाइड्रेटिंग सीरम का उपयोग करें। वहीं ऑयली स्किन के लिए जैल-बेस्ड मॉयश्चराइजर सही माना जाता है। इसके बाद प्राइमर लगाएं, ताकि आपके मेकअप का बेस स्मूद बने और स्किन पोर्स कम दिखें।



**फाउंडेशन-कंसीलर:** बेस मेकअप बिल्कुल नेचुरल और फ्लॉलेस होना चाहिए। अपनी स्किन टोन से मैच करता हुआ फाउंडेशन लें और स्पंज या ब्रश से अच्छी तरह इसे ब्लेंड करें। कंसीलर का इस्तेमाल आंखों के नीचे के डार्क सर्कल, पिंपल स्पॉट और पिगमेंटेशन पर करें। इसे हल्के से टैप करें। जरूरत हो तो लोअर फेस पर थोड़ा कॉन्टूरिंग कर सकती हैं। इससे चेहरा डिफाइंड-शार्प दिखता है।

**आई मेकअप:** आई मेकअप को थोड़ा बोल्ड और फेस्टिव स्टाइल में करें। गोल्ड, कॉपर, रेड या ग्रीन शेड्स क्रिसमस थीम के लिए परफेक्ट रहते हैं। सबसे पहले न्यूट्रल ब्राउन शेड से क्रीज पर हल्का बेस बनाएं। अब पलक पर गोल्ड या शिमरी रेड आईशैडो लगाएं। बाहरी कोने (आउटर कॉर्नर) पर डार्क ब्राउन या ब्लैक से डीप स्मोकी इफेक्ट दें। ताकि आंखें बड़ी और खूबसूरत दिखें। ग्लिटर लाइनर भी यूज कर सकती हैं।

**ब्लश-हाईलाइटर:** ब्लश आपके चेहरे में ताजगी और रंगत जोड़ता है। क्रिसमस पार्टी के लिए पिंक या पीच टोन का ब्लश लगाएं। इसे चीक बोंस पर हल्के हाथ से अपवर्ड डायरेक्शन में अप्लाई करें। इसके बाद हाईलाइटर का इस्तेमाल करें। नाक की टिप, चीकबोन और क्यूपिड बो पर हल्का हाईलाइटर लगाने से चेहरा ग्लो करता है।

**लिपस्टिक:** क्रिसमस लुक में रेड लिपस्टिक क्लासिक ऑप्शन है। अगर आप बोल्ड लिप्स पसंद करती हैं, तो रेड, मैरून या बेरी टोन चुनें। यदि आपका आई मेकअप पहले से ही बोल्ड है, तो लिप्स पर सॉफ्ट पिंक या न्यूड शेड भी बहुत खूबसूरत लगेगा।

**सेटिंग स्प्रे:** सारा मेकअप करने के बाद सेटिंग स्प्रे लगा लें। यह आपके मेकअप को लंबे समय तक स्मज होने से बचाता है और आपको देता है फ्रेश, ग्लैमरस पार्टी लुक।

**(मेकअप आर्टिस्ट आरती सिन्हा से बातचीत पर आधारित)**



# कई बच्चों को हो रही मायोपिया की समस्या

अनेक वजहों से आजकल कई बच्चे मायोपिया (कमजोर नजर) की समस्या से ग्रस्त होने लगे हैं। इसकी वजहों और लक्षणों के साथ इससे बचने के तरीके के बारे में भी यहां डिटेल में बता रहे हैं।

प्रिकॉशन

निकिता

चालीस-पचास की उम्र के बाद नजर कमजोर होना सामान्य है लेकिन चिंता की बात है कि आजकल अनेक बच्चे भी कमजोर नजर की समस्या से ग्रस्त हो रहे हैं। बच्चों में होने वाली आंखों से जुड़ी समस्या मायोपिया में वह पास की वस्तुएं साफ देख पाता है, लेकिन दूर की चीजें धुंधली दिखाई देती हैं। समय पर ध्यान न देने से यह समस्या और बढ़ सकती है और आगे चलकर बच्चे की पढ़ाई, खेल-कूद और उसके व्यक्तित्व को भी प्रभावित कर सकती है।

**मायोपिया के कारण:** बच्चों में मायोपिया होने के कई कारण हो सकते हैं।

**लंबे समय तक स्क्रीन देखना:** मोबाइल, टीवी और कंप्यूटर का अत्यधिक उपयोग आंखों पर दबाव डालता है।

**पढ़ाई या नजदीकी काम में ज्यादा समय:** लगातार किताब पढ़ना या लिखना भी मायोपिया को बढ़ावा देता है।

**प्राकृतिक रोशनी की कमी:** बच्चों का पर्याप्त समय धूप में न बिताना आंखों की सेहत पर असर डालता है।

**आनुवांशिक कारण:** अगर माता-पिता की नजर कमजोर है तो बच्चों में मायोपिया होने की आशंका अधिक रहती है।

**मायोपिया के लक्षण:** अगर आपके बच्चे को मायोपिया है तो उसे आप इन लक्षणों से पहचान सकती हैं।

- दूर की वस्तुएं धुंधली दिखना।
- टीवी या क्लास में ब्लैक बोर्ड पर लिखे हुए शब्दों को देखने में परेशानी होना।
- बार-बार आंखें मिचमिचाना।
- कुछ भी पढ़ते समय या लिखते समय सिरदर्द होना।
- किताब को बहुत पास से पढ़ना।



**बचाव के उपाय:** अपने बच्चे को मायोपिया से बचाने के लिए आप कुछ सुझावों पर अमल कर सकती हैं।

**स्क्रीन टाइम नियंत्रित करें:** छोटे बच्चों को टीवी देखने और मोबाइल चलाने का समय सीमित रखें।

**बच्चों को बाहर खेलने दें:** रोजाना कम से कम 1-2 घंटे प्राकृतिक रोशनी में बच्चे को समय बिताना जरूरी है।

**सही दूरी से पढ़ाई:** किताब और आंखों के बीच 30-40 सेमी. की दूरी बनाए रखें।

**संतुलित आहार:** हरी सब्जियां, फल, विटामिन और ओमेगा-3 फैटी एसिड से भरपूर डाइट आंखों की सेहत के लिए लाभकारी है।

**नियमित नेत्र परीक्षण:** समय-समय पर आंखों की जांच करवाना चाहिए, ताकि शुरुआती अवस्था में समस्या पकड़ में आ सके।

**ना बरतें लापरवाही:** आज के दौर में बच्चो में मायोपिया एक आम स्वास्थ्य समस्या बनती जा रही है। लेकिन सही जीवनशैली और समय पर जांच से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। पैरेंट्स को चाहिए कि वे अपने बच्चों की आंखों की देखभाल में लापरवाही न बरतें और कोई भी लक्षण नजर आने पर तुरंत नेत्र विशेषज्ञ से सलाह लें।

**(फोर्टिस हॉस्पिटल, शालीमार बाग, दिल्ली के सीनियर डायरेक्टर, यूनिट हेड-पीडियाट्रिक्स डॉ. विवेक जैन से बातचीत पर आधारित)**